वर्ष- 21 अंक - 212 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 15 जनवरी 2026





# मुंबई का किंग चुनने के लिए उमड़े सितारे

## महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के लिए वोटर्स की कतार

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई का नया किंग कौन होगा? इसका फैसला आज मतदान के जरिए हो रहा है। मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) सहित महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के लिए आज मतदान के लिए जगह-जगह लंबी कतार लगी हैं। मायानगरी मुंबई में बड़ी तादाद में फिल्मी सितारे और बड़ी हस्तियां सुबह-सुबह वोट डालने घर से निकलीं। अक्षय कुमार अपने मतदान केंद्र सबसे पहले वोट डालने पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज रिमोट कंट्रोल हमारे हाथ में हैं।

मुंबई महानगरपालिका पर सबकी नजर है। इस बार यहां भाजपा गठबंधन का मुकाबला राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के गठबंधन से है। मुंबई का नया मेयर कौन होगा? इसका पता कल मतगणना के बाद चलेगा। आज मुंबई में अक्षय कुमार के अलावा ट्विंकल खन्ना, अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, सचिन तेंडुलकर ने भी वोट डाला। संघ नेता मोहन भागवत व सुरेश भैयाजी जोशी ने नागपुर में मतदान किया। भाजपा सहित कई दलों के नेता भी वोट डालने पहुंचे।

## इस बार गोली नहीं चूकेगी' ट्रंप को धमकी

**गुरुवार.एजेंसी।** ईरानी सरकारी टेलीविजन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक सीधी धमकी जैसा प्रतीत होने वाला संदेश प्रसारित किया, जिसमें 2024 में एक चुनावी रैली में ट्रंप की गोली मारकर हत्या के प्रयास की तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया। संदेश में लिखा गया कि- इस बार यह (गोली) लक्ष्य से नहीं चूकेगी।

## ईरान की दिशा में बढ़ रहा अमेरिका का अब्राहम लिंकन स्ट्राइक ग्रुप

**गुरुवार.एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका का अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप साउथ चाइना सी की ओर से मध्य पूर्व की ओर मूवमेंट कर रहा है। अमेरिका के इस फैसले से हालात और संवेदनशील हो गए हैं तथा युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

## तेहरान के मुर्दाघरों में लाशों के ढेर

**गुरुवार.एजेंसी।** सोशल मीडिया पर कम से कम 12 वीडियो सामने आए हैं, जिनमें देश के अलग-अलग हिस्सों के मुर्दाघरों में बड़ी संख्या में शव दिखाई दे रहे हैं प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्रवाई में अब तक कम से कम 12,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि ये संख्या 20,000 तक पहुंच सकती है।

## अचानक 6 देशों के सैनिक ग्रीनलैंड पहुंचने लगे?

**गुरुवार.एजेंसी।** ग्रीनलैंड की सुरक्षा के लिए नाटो देशों ने सक्रियता दिखाई है। डेनमार्क की गुजारिश पर स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और कनाडा वहां सैनिक भेज रहे हैं। इसका मकसद ट्रंप की धमकियों या रूस-चीन के खतरे से निपटना है और नाटो की एकजुटता दिखाना है।

## 110 की उम्र में निकाह करने वाले 142 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**गुरुवार. एजेंसी।** सऊदी अरब के सबसे बुजुर्ग नासिर बिन रदान का निधन हो गया। वे 142 साल के थे। वे अपने पीछे 134 बच्चे और पोते-पोतियां छोड़ गए। उन्होंने 110 साल की उम्र में आखिरी शादी की थी और उनके यहां इस शादी से 1 बेटी भी पैदा हुई थी। वे 40 बार हज पर जा चुके हैं।

## कोहरे का कहर, बस ने कई गाड़ियों को मारी टक्कर, दो की मौत

### एक दर्जन घायल

**नूंह.एजेंसी।** हरियाणा के नूंह जिले की सीमा से गुजर रहे दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गुर्जर नगला के समीप एक निजी बस सड़क पर खड़े वाहनों से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि बस कंडक्टर साइड से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बस में बैठी करीब 10 से 12 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा घने कोहरे की वजह से हुआ है। दिल्ली में आज घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता शून्य तक पहुंच गई।

## 70 की हुई मायावती

**लखनऊ.एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती का आज जन्मदिन है। वे 70 साल की हो गईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत तमाम सियासी हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## महिला को डायन बताकर मार डाला

**पटना.एजेंसी।** पटना के बिहटा में अंधविश्वास का खौफनाक मामला सामने आया है। डायन होने का आरोप लगाकर 32 वर्षीय महिला की लोहे की रॉड और लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के दौरान महिला को बचाने पहुंचे उसके परिवार के पांच अन्य सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




# आज भी संक्रांति पर आस्था की डुबकी

## मोदी ने गायों को खिलाया चारा, महाकाल का हुआ तिल से अभिषेक

गुरुवार.एजेंसी। आज भी देशभर में मकर संक्रांति मनाई जा रही है। इस मौके पर गंगासागर से लेकर प्रयागराज और हरिद्वार से लेकर उज्जैन, ओंकारेश्वर तक में लोग पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और दान-धर्म कर रहे हैं। संक्रांति के मौके प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने आवास पर गायों को चारा खिलाकर गौसेवा की। उधर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी खिलाई। उज्जैन में महाकाल का आज तिल से अभिषेक किया गया।

## गोल्डन बाबा पहनते हैं 5 करोड़ का सोना



प्रयागराज में संगम की रेती पर माघ मेला चल रहा है। यहां इस बार गूगल गोल्डन बाबा श्रद्धालुओं के बीच खास आकर्षण बने हुए हैं। बाबा सिर से पांव तक करीब 5 करोड़ के सोने-चांदी के आभूषण पहनते हैं। बाबा चांदी के बर्तन में भोजन करते हैं, और चांदी के पात्र में ही पानी पीते हैं। पहले पांच लाख की चांदी की चप्पलें पहनते थे, मगर एक संकल्प के साथ चप्पलें त्याग दीं।

# भीषण टक्कर में एक ही परिवार की 7 महिलाओं की मौत



## सास, 5 बहुएं और एक बेटी की एक साथ गई जान

**फतेहपुर शेखावटी ● एजेंसी**

राजस्थान में फतेहपुर शेखावाटी में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार की 7 महिलाओं की एक साथ मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब हरसावा गांव के पास तेज रफ्तार कार पहले एक पिकअप से टकराई और फिर सामने से आ रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह पिचक गई। हादसे में सास, उनकी पांच बहुएं और बेटी ने मौके पर या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि चालक और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए।

फतेहपुर सदर थाना क्षेत्र के

### अंतिम संस्कार से लौटते समय उजड़ गया पूरा परिवार

रघुनाथपुरा गांव निवासी परिवार हाल ही में लक्ष्मणगढ़ गया था। परिवार की बुजुर्ग महिला मोहिनी देवी की ननद, लक्ष्मणगढ़ निवासी कैलाश देवी का निधन हुआ था। पूरा परिवार उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर शाम करीब चार बजे वापस गांव लौट रहा था।

# राहुल गांधी जाएंगे पीड़ित परिवारों से मिलने भागीरथपुरा

**आज पहुंच रही है टीम राहुल गांधी, दो जगह दौरे के बाद होगा कार्यक्रम का अंतिम रूप, प्रदेश अध्यक्ष से लेकर प्रभारी तक भी आज से डालेंगे तीन दिनों तक इंदौर में डेरा, कांग्रेसी भी है उत्साहित**

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। जैसे ही कल से ही यह खबर कांग्रेस हलकों में चली वैसे ही कांग्रेसियों में अपने आला कमान नेता की आने की खबर से उत्साह की लहर दौड़ गई, जबकि कांग्रेसियों के लिए कोई कार्यक्रम राहुल गांधीके ा साथ नहीं है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी भागीरथपुरा पहुंचकर वहां मृतक और बीमार हुए लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे और उसके बाद मीडिया से भी चर्चा करेंगे। वहीं आनन्द मोहन माथुर सभागृह में प्रदेश भर के नगर निगम और नगर पालिका पार्षदों के साथ राहुल गांधी शुद्ध पानी को लेकर चर्चा करेंगे, जिसमें पानी विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि कुल 1300 पार्षदों का चयन प्रदेश भर से किया गया है, लेकिन आनन्द मोहन माथुर सभागृह साढ़े 600 सीटर है और 150 अतिरिक्त कुर्सियां लगाई जाएगी, इस तरह 800 लोगों के बैठने की व्यवस्था सभागृह में हैं। आनन्द मोहन माथुर सभागृह को कल बुक कराने की बात भी नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताई। आज टीम राहुल गांधी दोपहर में इंदौर पहुंच रही है और वे भागीरथपुरा का दौरा भी करेगी और आनन्द मोहन माथुर सभागृह भी जाएगी उसी के बाद अंतिम कार्यक्रम तय होगा कि भागीरथपुरा में राहुल गांधी कहां-कहां जाएंगे, किससे मुलाकात करेंगे और राहुल गांधी के इस



भागीरथपुरा दौरे के साथ उनके साथ कौन-कौन रहेगा। आज राहुल गांधी की टीम के समक्ष सबकुछ तय होगा। यह भी कोशिश होगी कि इंदौर के प्रमुख नेताओं और सभी नए बने ब्लॉक अध्यक्षों को भी राहुल गांधी से मिलवा दिया जाए। यह भी आज तय होगा कि राहुल गांधी के साथ भागीरथपुरा के दौरे के साथ कितने कांग्रेसी मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े मौजूद रह सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी के आने की स्वीकृति के बाद एक बार फिर से भागीरथपुरा का मुद्दा जो कांग्रेस ने न्याय यात्रा निकाली उसके बाद दो दिनों से ठंडा पड़ा था उसे फिर से कांग्रेस गरम करने की कोशिश कर रही है। वहीं आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी दोपहर में इंदौर आएंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश की सहप्रभारी व इंदौर कांग्रेस की जिम्मेदार उषा नायडू भी आज शाम 4 बजे इंदौर आएंगे और तीनों ही नेता तीन दिनों तक इंदौर में ही डेरा डालकर रखेंगे, जब तक राहुल गांधी वापस नहीं जाएंगे। टीम राहुल गांधी के साथ शहर और जिला कांग्रेस से लेकर प्रदेश कांग्रेस भी को-ऑर्डिनेशन आज दोपहर से करेगी और आपसी तालमेल के बाद आज कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। भले ही दोनों कार्यक्रम से आम कांग्रेसी दूर है, लेकिन कांग्रेसियों में उत्साह की लहर है कि हमारे नेता आलाकमान राहुल गांधी इंदौर आ रहे हैं और खासतौर से वे भागीरथपुरा के पीड़ितों से मिलेंगे, जिससे भागीरथपुरा का मुद्दा फिर से राष्ट्रीय स्तर पर उठेगा।

## जिला कांग्रेस की दूसरी बार पंचायतों में नियुक्तियां

**पहले 22 और अब 24 सहित 46 पंचायतों में बनाए पदाधिकारी**

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस भी अपने संगठन को मजबूत करने के लिए अब पंचायत स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियां कर रही है। पिछले सप्ताह ही जिला कांग्रेस ने 22 पंचायतों में पदाधिकारियों की नियुक्तियां की थी। अब फिर से ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों का गठन करते हुए उनके अध्यक्षों की घोषणा की गई। दूसरी बार कांग्रेस ने तीन विधानसभाओं में 24 पंचायतों के अध्यक्षों की नियुक्तियां की। इस तरह जिला कांग्रेस ने दो बार 46 जिला पंचायत अध्यक्षों की नियुक्तियां संगठन स्तर पर की है। कल महू, देपालपुर और सांवेर विधानसभा में यह नियुक्तियां की गई। कल राऊ विधानसभा में कोई भी नियुक्तियां नहीं हुई।

## गांधी प्रतिमा के बाद अब अहिल्या माता प्रतिमा स्थल पर उठा चूहा बिल मुद्दा

**कांग्रेस ने कहा- निगम की है बेरूखी, परिषद करवाती है नए-नए काम, लेकिन महत्वपूर्ण कामों से बना रखी है दूरी**

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कल अहिल्या माता प्रतिमा स्थल पर चूहों के बने सैकड़ों बिल का मुद्दा उठाया। पहले से रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर सैकड़ों चूहों के बिल का मुद्दा उठा हुआ है। वहीं महापौर और निगम की टीम भी दौरा कर चुकी थी और अब कांग्रेस ने नए सिरे से शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा स्थित इंदौर की माता देवी अहिल्या प्रतिमा के समक्ष हुए सैकड़ों बिल का का मुद्दा उठा दिया। द्विवेदी ने



कहा कि इसमें नगर निगम और भाजपा परिषद की बेरूखी है, जबकि अहिल्या माता की प्रतिमा स्थल आम इंदौरी की भावनाओं से जुड़ा हुआ स्थल है। भाजपा सरकार और नगर निगम नीत नए प्रयोग करती है, लेकिन हकीकत सच्चाई से दूर रहती है, जिससे पूरी बात सामने आती है। अहिल्या माता बगीचा परिसर की जगह पोली हो रही है। यहां के फव्वारे बंद पड़े हैं, गंदा पानी वहां जमा है, मच्छर भनभना रहे हैं, फिर भी नगर निगम को महात्मा गांधी प्रतिमा और देवी अहिल्या प्रतिमा स्थल के रखरखाव करने की फुर्सत नहीं है, चूहों के बिल प्रतिमा स्थल पर भी हो रहे हैं, हर जगह साफसफाई की कमी है, जबकि इन सभी महापुरुषों और आराध्यों ने देश, प्रदेश और इंदौर के लिए कार्य किया है। फिर भी नगर निगम का ध्यान नहीं है। राजवाड़ा जैसी जगह पर होर्डिंग पोस्टर लगाने पर पाबंदी हैं, फिर भी यहां होर्डिंग, पोस्टर भाजपाइयों के नजर आते हैं उन्हें निगम नहीं हटाती है। कई राजनेता माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचते हैं, तो भी निगम ने चूहों के बिलों को समाप्त करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

## नकुल नाथ का स्वागत



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्व सांसद नकुल नाथ कल विधायक बाला बच्चन के निवास राजपुर कासेल पहुंचे थे। विनय बाकलीवाल भी उनके साथ पहुंचे। इंदौर विमानतल पर नकुल नाथ का स्वागत धर्मेंद्र गेंदर, नीलेश सेन शैलू, योगेन्द्र, कमलेश पटेरिया, सुधीर लोट ने किया।



## कांग्रेसियों ने चौराहों पर खिलाया तिल-गुड़-धनिया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन से जुडे कांग्रेसियों ने नवलखा चौराहा पर कल मकर संक्रांति पर तिल-गुड धनिया और तिल के लड्डूओं का वितरण कर आम लोगों को बधाई दी। हिमांशु यादव ने उक्त जानकारी दी।



## मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर प्रवास के दौरान क़ल नवलखा स्थित वसुधैव कुटुंबकम परिसर में चिड़ियाघर प्रभारी तथा अपने समधी डॉ. उत्तम यादव के निवास पहुँचे। उन्होंने डॉ. उत्तम यादव की पत्नी स्व. संगीता यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इन्दौर के जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस आई ताबड़तोड़ अहिल्या माता मुद्दे पर धरने के रूप में सामने

**काशी में घाट को क्षति तो इन्दौर में जताया आक्रोश**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वाराणसी (काशी) में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को प्रशासन द्वारा तोडा तो उसका असर इन्दौर की कांग्रेस में भी नजर आया और मां अहिल्या परिसर राजबाडा प्रतिमा के समक्ष मौन धरना आयोजित किया गया। चिंटू चौकसे ने



कहा अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के समापन पर उनकी विरासत का ऐसा घिनौना अपमान अत्यंत पीड़ादायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो स्वयं वाराणसी से सांसद हैं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के नाम पर बनारस की प्राचीन संस्कृति, मंदिर परंपरा और सनातन धरोहर को लगातार कुचल रहे हैं। मणिकर्णिका घाट को तोड़ा जाना भाजपा का हिंदू संस्कृति और सनातन आस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़कों से लेकर संसद तक डटकर संघर्ष करेगी और जब तक काशी की विरासत की रक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक आंदोलन थमेगा नहीं। उक्त घटना के विरोध मे शहर कांग्रेस द्वारा राजबाड़ा पर देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसजनों ने मौन धरना दिया। सज्जनसिंह वर्मा, चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, अमन बजाज, नकुल पाटोदी, अमित चौरसिया, शैलेष गर्ग, सादिक खान, जौहर मानपुरवाला, विजेंद्र चौहान, किरण जिरेती, मधुसूदन भलिका, सन्नी राजपाल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के सामने विजयवर्गीय कांग्रेस पर जमकर बरसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

## पटवारी और सज्जन ने जवाब भी दिया

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल नर्मदा के चौथे चरण की भूमिपूजन करने इन्दौर आए थे। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में एक ओर जहां इंदौर में नर्मदा के आने की कहानी सुनाई, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि इंदौर के विकास पर कोई भी कांग्रेस नेता मुझसे खुले मंच पर संवाद कर सकता है।**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कल आयोजित हुए अमृत 2.0 कार्यक्रम में कांग्रेस पर तीखे तेवर बरसते हुए नजर आए। भागीरथपुरा कांड के बाद जब पत्रकार से विवाद हुआ तो तब से विजयवर्गीय कम बोलने लगे थे, मीडिया से भी वे बचते हुए नजर आए, लेकिन कल कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस की न्याय यात्रा और भागीरथपुरा में पीड़ितों से मिलने की बात पर कहा कि विपक्ष राजनीति कर रहा है। विजयवर्गीय के बाद इस मामले में जीतू पटवारी ने भी ट्विट किए और कहा कि भाजपाई की जुबान अभी भी भागीरथपुरा का भय बढ़ा रही है। पीड़ित परिवारों के गहरे जख्मों पर नमक लगा रही है, आंसुओं के दर्द में डूबे शहर का दर्द भुलाकर गलती सुधारने के बजाए मुंहजोरी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विजयवर्गीय ने कल कांग्रेस का नाम ना लेते हुए बेशर्म कहा था, जिसके बाद पटवारी ने कहा कि पत्रकार सवाल पूछे तो उन्हें गलत शब्दों से नवाजते हैं और अब सवाल पूछने वालों को बेशर्म कह रहे हैं, जबकि सवाल तो उमा भारती और सुमित्रा महाजन ने भी पूछा है, सवाल तो म.प्र. की लाखों जनता ने पूछा है। पटवारी के बाद सज्जन वर्मा ने भी इस मामले में पलटवार किया है।

### वर्मा बोले-पटवारी एक चैम्बर बता दें, मैं वहीं खड़ा रहूंगा

कार्यक्रम में विधायक मधु वर्मा ने राऊ के पूर्व विधायक जीतू पटवारी पर निशाना साधा और कहा कि जीतू पटवारी बीते 15 सालों से केवल क्षेत्र में सायकल ही चला रहे है, उन्होंने क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किया। वर्मा ने यह भी कहा कि पटवारी एक चैम्बर बता दे जो उन्होंने बनवाया हो, मैं वहीं खड़ा रहूंगा।

### ‘कैलाश पर बैठते है शंकर’ पर ठहाका

कार्यक्रम के दौरान जब कैलाश विजयवर्गीय का उदबोधन चल रहा था इसी बीच सांसद शंकर लालवानी वहां पहुंचे तो मंच पर उनके बैठने के लिए कुर्सी नहीं थी। विजयवर्गीय उदबोधन दे रहे थे इसलिए उनकी कुर्सी खाली थी और उस पर उनका नाम भी लिखा था, इसलिए लालवानी मंच पर जाकर जब खड़े हुए तो विजयवर्गीय ने कहा कि आप मेरी कुर्सी पर ही बैठ जाओ। कैलाश पर ही शंकर बैठते है, यह सुनते ही कार्यक्रम में ठहाकों की गूंज हुई। विजयवर्गीय की इस बात को मुख्यमंत्री ने अपने उदबोदन के दौरान दोहराया।



### भाजपा के गढ़ में कांग्रेसियों के तिल लड्डू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** किसी समय विधानसभा 2 कांग्रेस का गढ़ रहता था, जो अब भाजपाइयों का महागढ़ बन चुका है और यहां जीत का अन्तर एक लाख के करीब भाजपा का रहता है। ऐसे में कांग्रेसियों ने वार्ड 25 में कल मकर संक्रांति पर्व पर भाजपाई गढ़ तोड़कर आम जनता से जुड़ने के लिए तिल के लड्डुओं का वितरण कर लोगों के घर पहुंचकर उन्हें मकर संक्रांति की बधाई भी दी। खासतौर से नंदानगर क्षेत्र में इस तरह का कांग्रेसियों ने पहली बार आयोजन किया। राजेन्द्रसिंह जौदान, चंपालाल वर्मा, बसंत कुशवाह, अरुण पटोले, मनोज मालवीय, मनोज रघुवंशी, नीतेश ठाकुर, विशाल, सुमित चौहान एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज के तत्कालीन अध्यक्ष रामस्वरूप धुत्त के निधन के बाद से कुछ समय से माहेश्वरी समाज इंदौर जिला का अध्यक्ष पद खाली पड़ा हुआ था। कार्यवाहक रूप से वरिष्ठ अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री पप्पू कार्य देख रहे थे। महासभा के निर्देश के बाद चुनावी प्रक्रिया केवल अध्यक्ष पद को लेकर चल रही थी। जब नामांकन पत्र की अंतिम तिथि निकली उस वक्त तक अध्यक्ष पद पर दो नामांकन गए थे और उस समय ही लग रहा था कि अगर चुनाव होते हैं तो सत्यनारायण मंत्री अध्यक्ष बन सकते हैं। जोधपुर अधिवेशन के दौरान इंदौर से आते-जाते और अधिवेशन में भी कई लोगों ने इंदौर के अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा की और आखिर यह निर्णय हुआ कि सर्वानुमति से सत्यनारायण मंत्री को ही अध्यक्ष बचे हुए समय के लिए बनाया जाए। आखिरकार जब नामांकन पत्र दाखिल होने की बारी आई तो राजेश सोमानी ने आंकलन कर नामांकन नहीं भरना उचित समझा और आखिरकार एक ही नामांकन दाखिल होने के कारण सत्यनारायण मंत्री पप्पू बचे हुए पूर्ण समय के लिए अध्यक्ष निर्वाचित निर्विरोध हुए। जैसे ही यह खबर बाहर गई वैसे ही सत्यनारायण मंत्री को बधाइयों के दौर शुरू हो गए। महासभा के सभापति संदीप काबरा ने भी जोधपुर अधिवेशन में इंदौर चुनाव को लेकर संज्ञान लिया था। अब वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद खाली है, अब वरिष्ठ उपाध्यक्ष को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। देखना होगा कि वर्तमान पदाधिकारी इसके लिए किसका चयन करते हैं।

# बोनस में कटौती को माकपा ने बताया किसान विरोधी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने बताया कि शासन ने गेहूं के बोनस पर 160 रु. की कटौती की है। यह कटौती किसान विरोधी कदम है, जबकि भाजपा अपने चुनावी वादों से मुकर रही है और किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। यह कटौती पहले से ही संकट से जूझ रही कृषि और किसानों के लिए नया संकट पैदा कर रही है। जसविंदर सिंह ने कहा कि जब पेट्रोल, डीजल, खाद, बीज, बिजली और कृषि उपकरणों की कीमतों में वृद्धि से कृषि लागत बढ़ गई है तब भाजपा की मोहन यादव सरकार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व किए गए वादे के अनुसार किसान का गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने की बजाय राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले बोनस में 160 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती कर अपना किसान विरोधी चेहरा बेनकाब कर दिया है। माकपा नेता ने कहा कि पिछले वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए था और राज्य सरकार की ओर से 175 रुपये बोनस दिया जाता था। इस प्रकार किसानों का गेहूं 2600 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है। इस बार केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपए कर दिया है, लेकिन प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने बोनस को 175 रुपये से घटाकर सिर्फ 15 रुपये कर दिया है, जिससे किसानों को गेहूं का भाव 2600 रुपए ही मिलेगा। जसविंदर सिंह ने कहा है कि पहली बार राज्य सरकार ने बोनस में कटौती की है और यह कटौती 91 प्रतिशत है। यदि सरकार बोनस बढ़ाने की बजाय पिछले साल के बराबर ही कर देती तो किसान के गेहूं का भाव 2760 रुपये क्विंटल हो जाता। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य सरकार के इस कदम को किसान विरोधी बताते हुए इसे वापस लेने और 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है। उक्त जानकारी अरुण चौहान ने दी।

# आज से संकल्प से समाधान अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय बद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से ‘संकल्प से समाधान अभियान’ शुभारंभ के बाद आज से 31 मार्च तक चार चरणों में संकल्प से समाधान का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभाओं के वार्डों में यह शिविर आयोजित होंगे। शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं तथा लक्ष्य आधारित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। चार चरण 31 मार्च तक विधानसभावार चलेंगे। आयोजन को लेकर बैठक में भी तैयारियां की गई जिसकी शुरूआत आज सुबह 10 बजे से हुई।

# पतंगबाजी महोत्सव का बड़ा आयोजन कराएंगे खंडेलवाल

**बीएसएफ ग्राउण्ड पर 26 जनवरी को होगा कार्यक्रम**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सृजन के बैनरतले इस वर्ष भी 26 जनवरी सोमवार को बसंत पंचमी सामाजिक समरसता मिलन के साथ पतंगबाजी महोत्सव का आयोजन बडे रूप में किया जाएगा। कमलेश खंडेलवाल ने बताया कि बी.एस.एफ. ग्रांउड सुपर कोरिडोर चौराहा, एयरपोर्ट के आगे गणतंत्र दिवस अवसर पर झंडा वंदन का आयोजन भी होगा, साथ में बसंत पंचमी सामाजिक समरसता मिलन समारोह एवं पतंगबाजी का आयोजन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में होगा जो शाम तक चलेगा। इसमें पतंग वितरण कार्यक्रम भी होगा, कई संत भी मौजूद रहेंगे, आतिशबाजी भी होगी और पतंगबाजों का स्वागत भी संतों की मौजूदगी में होगा। बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहेंगे। कई राजनेता भी शिरकत करेंगे।

# कल पतंगबाजी के बाद होती रही आतिशबाजी



## ज्यादातर पतंग चाइना धागन से ही उड़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



कल मकर संक्रांति पर पतंगबाजी का दौर पश्चिम क्षेत्र में ज्यादा रहा, खासतौर से मल्हारगंज, राजमोहल्ला, बिजासन रोड, बियाबानी, स्कीम नं. 71, सुदामा नगर, गुमाश्ता नगर में भी अच्छी खासी पतंगबाजी देखी गई। कल मल्हारगंज में रात को हवा में जलते हुए दीपक भी छोड़े गए और जमकर आतिशबाजी भी छतों पर की गई। कल लोगों ने भगवान सूर्य की आराधना का मकर संक्रांति पर्व मनाया। पुलिस प्रशासन ने चाइना डोर पर प्रतिबंध कर रखा था और सैकड़ों की तादाद में चाइना धागन के गट्टे भी जब्त किए थे। फिर भी कल देखने को मिला कि बड़ी संख्या में लोगों ने चाइना धागन से ही पतंग उड़ाई, कई लोगों के पास पुराना स्टाक भी पड़ा हुआ था।

# कलयुगी बेटे ने मां के सिर पर बाल्टी मारकर फोड़ा सिर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

विजयनगर थाना क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे द्वारा अपनी बुजुर्ग मां के साथ बेरहमी से मारपीट करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत बेटे ने घरेलू विवाद के चलते अपनी 70 वर्षीय मां पर प्लास्टिक की बाल्टी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, घटना सोलंकी नगर की है। यहाँ रहने वाली बुजुर्ग महिला चंदनिया बाई ने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई कि उनका बेटा भरत उर्फ पप्पू रोशन शराब का आदी है। बुधवार शाम करीब 4:30 बजे भरत शराब पीकर घर आया और अपनी मां पर दबाव बनाने लगा कि वह उसकी पत्नी मीना को गांव से वापस लेकर आए। इस पर चंदनिया बाई ने उसे समझाया कि वह नशे में पत्नी के साथ आए दिन झगड़ा करता है, इसलिए वह वापस आने को तैयार नहीं होगी। मां की यह बात सुनते ही भरत अपना आपा खो बैठा और उसने मां को मां-बहन की अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब बुजुर्ग मां ने उसे गाली देने से रोका, तो आरोपी ने उनके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की और पास ही रखी प्लास्टिक की बाल्टी उठाकर उनके सिर पर दे मारी। हमले के कारण बुजुर्ग महिला का सिर फट गया और खून बहने लगा।




## पानी की समस्या का निवारण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वार्ड क्रमांक 73 में सैफी नगर गार्डन में पानी की समस्या को लेकर निवारण करने अधिकारी अपर आयुक्त श्रीवास्तव, झोनल अधिकारी हेमंत मिश्रा पहुंचे। जगमोहन वर्मा, क्षेत्रीय पार्षद शाहिन सादिक खान एवं मज़हर हुसैन सेठजीवाला की उपस्थिति में लोगों ने जल सुनवाई में दूषित पानी की समस्या बताई। अधिकारियों ने तत्काल निवारण के निर्देश दिए। अली हुसैन रुबी, मज़हर रेशम वाला, मज़हर हुसैन सेठजी वाला, सादिक खान सहित अन्य मौजूद थे।

# सारे ब्रिज पर पुलिस ने संभाला मोर्चा तो बच गई कई लोगों की जान

## चाइनीस मांझा पकड़ने में पुलिस और प्रशासन दोनों हो गए नाकाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के सारे ब्रिज पर कल दोपहर से पुलिस ने मोर्चा संभाला इसके परिणाम स्वरुप कई लोगों की जान बच गई। चाइनीस मांझा पकड़ने में पुलिस और जिला प्रशासन दोनों ही नाकाम रहे।

मकर संक्रांति के अवसर पर की जाने वाली पतंग बाजी में चाइनीस मांझा का उपयोग जमकर हो रहा है। मकर संक्रांति के पहले से ही इस धागन की बिक्री सारे शहर में शुरू हो गई थी। जिला प्रशासन ने इस धागन पर प्रतिबंध लगाकर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया। इसके बाद में पुलिस ने भी कुछ स्थानों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए धागन पकड़ने का काम किया। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर भी शहर में चाइनीस मांझा की बिक्री को रोकने में नाकाम रहे। इस चाइनीस मांझा के कारण लगातार शहर में दुर्घटनाएं हुई और लोगों को अपनी जान गंवाना पड़ी। कल भी चाइनीस मांझा के कारण मोटरसाइकिल पर जा रहा है एक युवक का गला कट जाने की घटना हुई। इस घटना के बाद पुलिस ने सड़क पर निकालकर मोर्चा संभाल लिया। शहर के वर्ल्ड कप चौ-राहा ब्रिज, तीन इमली ब्रिज, बंगाली ब्रिज, खजराना ब्रिज, रीगल तिराहा ब्रिज, राजकुमार रेलवे ओवरब्रिज और माणिकबाग ब्रिज पर पुलिस कर्मियों ने डेरा डाल दिया। शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित ब्रिज पर से तो दो पहिया वाहन चालकों को जाने से रोक दिया गया। उन्हें कहा गया कि वह ब्रिज के नीचे से अपनी गाड़ी लेकर चले जाएं।

शहर के मध्य क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज और फ्लाईओवर ब्रिज में दो पहिया वाहन चालकों को जाने से तो नहीं रोका गया लेकिन उन्हें सावधानी के साथ जाने की चेतावनी देते हुए पुलिसकर्मी नजर आए। इन सभी ब्रिज पर तैनात पुलिसकर्मी एक तरफ जहां आने जाने वाली गाड़ियों को देख रहे थे तो दूसरी तरफ उनकी नजर आसमान पर भी लगी हुई थी यदि कहीं से कोई कटी हुई पतंग गिरने की तरफ बढ़ती तो उसे पकड़ने के लिए पहले पुलिस वाले दौड़ते थे। पुलिस वालों के दौड़ने के पीछे कारण यह था कि कहीं ऐसा ना हो कि इस पतंग में चाइनीस मांझा हो और वह किसी का गला अथवा शरीर का कोई अंग काट दे। इस तरह कल पुलिस के द्वारा रखी गई सतर्कता के कारण कई लोगों की जान बच गई। चाइनीस मांझा की चपेट में आने से लोग सुरक्षित रह सके। गांधी हाल से रीगल चौराहा को जोड़ने वाले शास्त्री ब्रिज पर तो पुलिस वालों ने हवा से नीचे गिरते हुए चाइनीस मांझा को पकड़कर लोगों को हादसे का शिकार होने से बचा लिया।

# भागीरथपुरा में नई लाइन डालने का काम तेज गति से जारी

## निगम की कोशिश तय किए गए समय से पहले डाल दी जाए लाइन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा भागीरथपुरा में पानी और ड्रेनेज की लाइन डालने का काम तेज गति के साथ जारी है। नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा यह कोशिश की जा रही है कि टेंडर की शर्तों के अनुसार लाइन डालने में जितना समय लगा है उससे कम समय में इस काम को पूरा करवा लिया जाए।

दूषित पानी के सप्लाई के कारण अभी तक भागीरथपुरा के 23 लोगों की जान जा चुकी है। इसके साथ ही 400 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में ले जाकर उनका उपचार करने के हालात बन गए थे। जब से इस स्थिति का हल्ला मचा तब से नगर निगम के द्वारा भागीरथपुरा की स्थिति को सुधारने के लिए तेज गति के साथ काम शुरू कर दिया गया है। पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र में पानी और ड्रेनेज की नई लाइन डालने का काम किया जा रहा है। नगर निगम के द्वारा टेंडर के माध्यम से ठेका देकर यह काम ठेकेदार के सुपुर्द किया गया है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस टेंडर में इस काम को करने के लिए ठेकेदार को जितनी समय सीमा दी गई है उससे कम समय में ठेकेदार काम कर दे इसके लिए लगातार कोशिश की जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा हर दिन सुबह और शाम कामकाज की समीक्षा की जा रही है। इस समीक्षा के माध्यम से ठेकेदार को तेज गति के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। निगम की कोशिश है कि टेंडर की तय समय सीमा से कम समय में इस काम को पूरा करवा लिया जाए।

### भागीरथपुरा को राहत देना है

निगम के अधिकारियों के समक्ष यह लक्ष्य महत्वपूर्ण है कि भागीरथपुरा के क्षेत्र के नागरिकों को राहत मिल सके। जब तक वहां पर पानी और ड्रेनेज की नई लाइन नहीं डलेगी तब तक लोगों को राहत नहीं मिल-गी। इसके साथ ही यह भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है कि पूरे भागीरथ पुरा क्षेत्र में पानी की सामान्य सप्लाई शुरू हो सके। इसके लिए भी नई लाइन का डल जाना ज्यादा जरूरी है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**संयोगितागंज थाना क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। लोडिंग वाहन चलाने वाले 28 वर्षीय युवक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी जान नहीं बच सकी।**

मृतक की पहचान अमित पिता विंध्याचल (28) निवासी लोहा मंडी के रूप में हुई है। अमित मूल रूप से उत्तरप्रदेश का रहने वाला था और पिछले 11 वर्षों से इंदौर में रहकर लोडिंग वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। कल रात जब वह जीपीओ चौराहे से गुजर रहा था तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जबकि आरोपी वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। इसी तरह ओमेक्स सिटी के समीप एक राहगीर को भी अज्ञात वाहन द्वारा कुचलने की जानकारी मिली है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कर रही है।

# विहिप की होगी कल से तीन दिवसीय बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-मंथन हेतु त्रिदिवसीय प्रांतीय बैठक का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक देपालपुर में होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में अखिल भारतीय केंद्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी एवम माल-वा प्रांत के 29 जिलों से 200 से अधिक चयनित पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। बैठक में केवल अपेक्षित एवं आमंत्रित पदाधिकारी ही भाग लेंगे, जि-ससे विषयों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान हिंदू समाज की वर्तमान चुनौतियाँ, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण, युवाओं की भूमिका तथा संगठन के विस्तार से जुड़े विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी छह महीनों की कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने की रणनीति तय की जाएगी। इस त्रिदिवसीय बैठक में बजरंग दल के पदाधिकारी, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्तियां भी सक्रिय सहभागिता करेंगी।

# बायपास पर चलती आयशर से बादाम के 24 बॉक्स चोरी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में बायपास हाईवे पर चलती गाड़ी से कीमती माल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। अज्ञात बदमाशों ने एक आयशर गाड़ी की सील तोड़कर पीछे का गेट खोला और उसमें रखे बादाम के 24 बॉक्स उड़ा लिए। घटना के समय बाइक सवार बदमाश गाड़ी के पीछे चल रहे थे, जो वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पुलिस ने अहमदाबाद के ट्रक चालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, फरियादी विनोद कुमार भट्ट निवासी अहमदाबाद (गुजरात) अपनी आयशर गाड़ी लेकर इंदौर बायपास से गुजर रहे थे। 12 जनवरी की रात करीब सवा तीन बजे जब वे लालटेन ढाबे के सामने से निकल रहे थे, तब उन्होंने देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति उनकी चलती गाड़ी के पीछे चढ़ा हुआ था, जबकि दो अन्य लोग बाइक पर सवार होकर उसकी मदद कर रहे थे। स्थिति संदिग्ध लगने पर चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई और सीधे मांगलिया टोल पर जाकर वाहन रोका। टोल पर जब चालक ने नीचे उतरकर गाड़ी के पिछले हिस्से की जांच की, तो उसके होश उड़ गए। ट्रक के गेट पर लगी सुरक्षा सील टूटी हुई थी और गेट खुला हुआ था। गाड़ी में बादाम के कुल 25 बॉक्स लदे थे, जिनमें से 24 बॉक्स गायब थे और केवल एक बॉक्स बचा था। चालक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लसूड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर इलाके के सी-सीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं ताकि बाइक सवार बदमाशों और उनके साथियों का सुराग लगाया जा सके।

# नर्मदा के चौथे चरण के भूमि पूजन समारोह में भोजन के लिए परेशानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में कल आयोजित नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण के भूमि पूजन समारोह में उपस्थिति जोरदार नहीं हो सकी। भाजपा संगठन के द्वारा लोगों को कार्यक्रम में लाने के लिए 50 बसें लगाने की घोषणा की गई थी। इसके बाद भी कार्यक्रम स्थल का हाल खाली रहा। यह कार्यक्रम पूरा होने के बाद वहां आए लोगों में भोजन के पैकेट लेने के लिए परेशानी की स्थिति बन गई।**





इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा स्कीम नंबर 97 में बनाए गए लता मंगेशकर सभागृह में कल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण के भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में अच्छी उपस्थिति हो सके इसके लिए भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के द्वारा 50 बस लगाने की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा था कि विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को बस के माध्यम से कार्यक्रम के स्थल पर लाया जाएगा और कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। वैसे तो मुख्यमंत्री खुद ही इस कार्यक्रम में पहुंचने में करीब डेढ़ घंटा लेट हो गए। जब मुख्यमंत्री कार्यक्रम में पहुंचे तब भी सभागृह भरा हुआ नहीं था।

**कार्यक्रम में 50 बस लगाकर भी भाजपा जमा नहीं कर पाई भीड़**

मुख्यमंत्री के वहां पहुंच जाने के बाद पुलिसकर्मी और नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल के बाहर और आसपास मौजूद लोगों को कार्यक्रम में बैठाया गया। नगर निगम से अनुबंध किए हुए स्वयंसेवी संगठन के जो कार्यकर्ता वहां आसपास के क्षेत्र में थे उनको भी बुलाकर कार्यक्रम में बैठाया गया। इतनी कसरत करने के बाद भी सभागृह पूरा नहीं भर सका। इसके बाद में जब कार्यक्रम हो गया तो भोजन के पैकेट के लिए परेशानी की स्थिति बन गई। कार्यक्रम स्थल के बाहर भोजन के पैकेट चाहने वालों को एक तरफ ले जाकर उनकी भीड़ लगाई गई। इसके बाद उन्हें भोजन के पैकेट का वितरण किया गया।

## भोजन में दो कचोरी, एक मिठाई



इन लोगों को जो भोजन के पैकेट वितरित किए गए उसमें दो कचोरी एक मिठाई, चार रोटी और सब्जी रखी गई थी। काफी मशक्कत के बाद लोगों को भोजन के पैकेट मिल सके। वैसे पैकेट की कोई कमी नहीं थी लेकिन इन पैकेट से भरे हुए बोरे निगम के अधिकारियों की गाड़ी में रखे हुए थे।

# ब्लैक फिल्म लगी थी थार कार पर

### हूटर भी उतराया और लगा दिया 6500 का जुर्माना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एयरपोर्ट क्षेत्र में थार कार पर काली फिल्म लगी थी इस पर यातायात पुलिस उपायुक्त आनन्द



कलादगी की निगाह पड़ गई। उन्होंने तत्काल यातायात पुलिस की टीम को उक्त वाहन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसीपी के निर्देश के बाद यातायात पुलिसकर्मियों ने वाहन को रोककर चैकिंग की तो उसमें काली फिल्म के अलावा हूटर भी लगा था और बीमा की तारीख भी समाप्त हो गई थी। मौके पर से हूटर भी निकलवाया और ब्लैक फिल्म भी उतराई और 6500 रु. का जुर्माना भी पुलिस ने लगा दिया।

# दलित नेता ने मासूम के लिए एकत्रित किए ढाई लाख रुपए



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने मकर संक्रांति का वार्षिक आयोजन कल किया। बड़ी संख्या में दलित समाजजनों की मौजूदगी में परमार ने सार्थक उद्बोधन देते हुए सभी से अपिल की कि वे तीन साल की मासूम बेटी अनिका के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग देवे। देखते ही देखते सभी ने हाथ बढ़ाया और 2 लाख 51 हजार की राशि एकत्रित की गई और अनिका के परिजनों को यह राशि सौंप दी गई। इस तरह दलित नेता ने एक तरफ सूर्य की उपासना का पर्व मकर संक्रांति भी मना लिया और सभी के साथ तिल, गुड़, लड्डू का सेवन कराया और करा भी और महासंघ की कार्यकारिणी का गठन भी किया और दूसरी तरफ आर्थिक सहयोग के लिए राशि भी एकत्रित कर ली। इस दौरान संत, नितिन मतकर, दादू महाराज, तन्नू शर्मा, माला ठाकुर, सीमा सोलंकी, मनोज ठाकुर, योगी महाराज, यजत्रदास महाराज, विजय रामदास महाराज और बलाई महासंघ के बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बेहोश हुई युवती को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल मकर संक्रांति की शाम 6.30 बजे पलासिया चौराहा पर युवती वाहन से गिरी और वह बेहोश हो गई। पलासिया चौराहा पर ड्यूटी दे रहे यातायात पुलिस के आरक्षण संजित और महिला आरक्षक पुलिसकर्मी पूनम ने तत्काल युवती को एमवाय अस्पताल पहुंचवाया और उनका उपचार भी शुरू करवाया और परिजनों को फोनकर सूचना भी दी। दोनों पुलिस यातायात आरक्षक की तत्परता की पहले आम लोगों ने और फिर परिजनों ने भी तारीफ की, जिससे बेहोश हुई युवती को उपचार मिल गया।





# भागीरथपुरा दूषित जल अभी भी रहवासियों के बीच बना है रहस्य

## नर्मदा के पानी में अधिक केमिकल मिले जाने और फैक्ट्री के गंदे पानी का रिसाव बोरिंग में होने की चर्चा जोरों पर है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**भागीरथपुरा के रहवासियों के बीच 23 मौतें अभी रहस्य बनी हुई, लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि आखिरकार 29 और 30 दिसंबर की रात या इससे एक-दो दिन पहले नर्मदा के पानी में ऐसा कौन सा केमिकल मिला जिससे सैकड़ो लोगों की तबीयत एक साथ खराब हो गई कई सालों से लोग इस क्षेत्र में रह रहे हैं और नर्मदा का पानी भी सप्लाई हो रहा है इतिहास में पहली बार ऐसी घटना हुई जिसके स्पष्ट होने के बाद भी पहली बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि भागीरथपुरा में रहते हुए उनकी कहीं पीढ़ियां बीत चुकी है लेकिन ऐसी घटना अभी तक उन्होंने नहीं देखी और सुनी।**

वर्तमान में रहवासियों के बीच दो तरह की चर्चा जोरो से चल रही है पहली फैक्ट्री से निकले दूषित जल का जमीन में रिसाव और बोरिंग का पानी दूषित होना जिसकी सप्लाई लाइन से ही नर्मदा का पानी भी सप्लाई किया जाता रहा है लोगों का कहना है कि जिन सरकारी बोरिंग हो से पानी दिया जा रहा था वह पानी पीने योग्य नहीं पाया गया और शासकीय जांच में इन्हें सील कर दिया गया है, पूरा भागीरथपुरा चारों ओर से गंदे नाले से घिरा हुआ है इससे भूजल दूषित होने के बाद यही पानी बोरिंग के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंच रहा था। दोनों की लाइन एक होने के कारण नर्मदा और बोरिंग का पानी मिक्स हुआ जिसके कारण एक साथ पूरे दिसंबर माह में लोगों का स्वास्थ्य खराब तेजी से हुआ इसके बाद 29 और 30 जनवरी को यह स्थिति विस्फोटक हो गई। नर्मदा सप्लाई के समय गंदा पानी कई सालों से आ रहा है शुरुआत में 4 से 5 बाल्टिया गंदा पानी आने के बाद साफ पानी नर्मदा लाइन में आता था यह संभावना पूरी है की नर्मदा लाइन की सप्लाई होने के बाद बोरिंग का पानी भी इस लाइन में सप्लाई हो रहा था कहीं ना कहीं जिन बोरिंग को सील किया गया है होने से दूषित पानी घरों में पहुंचा है। वही भागीरथपुरा के रहवासियों के बीच एक चर्चा और अधिक जोरों पर चल रही है नर्मदा लाइन से होने वाले पानी सप्लाई में केमिकल की मात्रा अधिक मिलाई जाने के कारण लोगों का स्वास्थ्य खराब हुआ है पानी को साफ करने के लिए उपयोग किए गए केमिकल मात्र से अधिक डालने से यह घटना भी हो सकती है। क्षेत्र में रहने वाले राधेश्याम बोरसी ने बताया कि वह रेलवे से रिटायर्ड है और 1982 से भागीरथपुरा में रह रहे हैं। सरकारी बोरिंग एकमात्र यहां पानी के सोर्स हुआ करते थे इसके अलावा साल 2000 में यहां नर्मदा लाइन डाली गई और नर्मदा का पानी बीते 25 सालों से क्षेत्र में सप्लाई हो रहा है आखिरकार दिसंबर माह में ही इतना गंदा पानी कैसे सप्लाई हुआ की 23 लोगों की जान चली गई नर्मदा का गंदा पानी 4 से 5 बाल्टिया हर दिन आता था भागीरथपुरा क्षेत्र में कहीं फैक्ट्रियां हैं जिससे दूषित पानी भी निकलता है जो बोरिंग बंद किए गए हैं उसके आसपास के ग्राउंडवाटर की जांच की जानी चाहिए इसके अलावा किन फैक्ट्री के कारण भूजल को नुकसान पहुंच रहा है इस पर प्रशासन को गहरी जांच करनी चाहिए।

# आस्था वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के ठहाके लगे



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व हास्य योग महासंघ द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर आस्था वृद्धाश्रम में आयोजित हास्योत्सव में बुजुर्ग पुरुषों व महिलाओं ने खुद भी ठहाके लगाए और बुजुर्गों से भी ठहाके लगवाए। ओमप्रकाश गुप्ता, कैलाशचंद्र खंडेलवाल ने बताया कि खाद्य सामग्री एवं तिल्ली के लड्डू और फल-फ्रूट भेंट की गई। उज्ज्वल स्वामी, घनश्याम मित्तल,विपिन जैन,आर डी गुप्ता, केएम मुन्शी, सीताराम कुमावत, सुनीता कुमावत, दिलीप जैन, रमेश मौर्य मौजूद थे।

# ज्ञानसभा का आयोजन होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय दृष्टिकोण, नवाचार और समकालीन चुनौतियों पर व्यापक मंथन के उद्देश्य से श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश ज्ञानसभा का आयोजन 28 एवं 29 जनवरी को राजमोहल्ला स्थित स्कूल परिसर में आयोजित होगा। रोशनी शर्मा ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए वर्तमान समय की चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधानों पर गंभीर एवं सार्थक संवाद स्थापित करना ही मुख्य उद्देश्य है। दीपक यादव ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# हनुमानजी को चढ़ाया चोला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल मकर संक्रांति पर मस्त बजरंग बली हनुमान मंदिर बियाबानी पर चोला चढ़ा, शृंगार किया, आरती भी की गई, प्रसाद का वितरण भी हुआ। मातृशक्तियों की टीम ने भजन भी प्रस्तुति किए।



# गौ माता का पूजन किया गया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री हरि परमार्थ सेवा संस्था सदस्यों ने पंचकुईया मुक्ति धाम गौ शाला पर मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर गौ माताओ का पूजन किया और उन्हे गुड-तिल खडे दहलन बाटा चापड भूसा मिश्रित सामग्री से पेटपूजा कराई।



# रोटरी क्लब मोबाइल वैन से वितरित करेगा जल



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल अब मोबाइल वैन चलाकर उससे शुद्ध पानी वितरण करेगा। यह बात डिस्ट्रिक गवर्नर सुशील मल्होत्रा अधिकारिक यात्रा के दौरान महादेवी वर्मा पुस्तकालय सभागृह में कही। अनंत हातिम, डॉ. सुरेन्द्र दिल्लीवाल, पुरुषोत्तम वाघमारे, कमल किशोर भुराडिया, डॉ. डी के तनेजा, शांता पारेख, श्याम खंडेलवाल, आशित राजकोटिया, हर्षवर्धन लिखिते, अर्चना चोपड़ा, विनोद नेमा, सुधीन्द्र मोहन शर्मा की मौजूदगी में सुशील मल्होत्रा का स्वागत भी किया गया।

# बस्ती में पहुंचकर खिलाए तिल के लड्डू



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था सार्विन वेलफेयर सोसाइटी ने अरावली परिसर भूरी टेकरी पर बस्ती के रहवासी और बच्चों के बीच मकर संक्रांति पर्व मनाया। तिल-गुड़ के लड्डू खिलाए, पतंग वितरित की गई। सुनील पुरोहित, मुकेश पटेल, उषा पंत, चन्द्रशेखर मालवीय, राहुल मांडिल, कैलाश मालवीय, सिद्धार्थ पटौदी, रवि चौहान, करण द्विवेदी, अजीता सेंगर, रवींद्र वर्मा, धर्मेंद्र हिरवे, सिद्धनाथ, अभिजीत बुंदेला, जितेंद्र प्रभारी मौजूद थे।



# अस्थाना की पुण्यतिथि पर आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कृष्णकुमार अस्थाना की पुण्यतिथि पर उनके निवास संवाद नगर पहुंचकर श्रीवास सेन समाज ने चित्र पर पुष्पांजिल का आयोजन किया। कैलाश श्रीवास, रघुवीर सिंह, सुभाष वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# शर्मा और पचौरी पदाधिकारी





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सनाढ्य ब्राह्मण समाज ने राधा-कृष्ण मंदिर में हुए मिलन समारोह में नए पदाधिकारियों की घोषणा की। अध्यक्ष गौरव शर्मा, महासचिव जगदीश पचौरी, उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, योगेन्द्र पंचोली, इन्द्रदमन बिरथरे, अमरीश पाराशर, सचिव देवेन्द्र शर्मा, सहसचिव विकास पचौरी, कोषाध्यक्ष राकेश पाराशर, सहकोषाध्यक्ष सपन दात्रे, प्रचार मंत्री राजेन्द्र दुबे, युवा मंडल अध्यक्ष आदित्य पस्तरिया एवं सदस्य देवेज्य थापक, पंकज चौबे को जिम्मेदार बनाया। भगवान का शृंगार कर छप्पन भोग लगाए, आरती की गई। विकास अवस्थी, प्रकाश पचौरी, गिरिश मोहन पाठक, रोशन बिरथरे, पीडी शर्णा, चन्द्रशेकर बिरथरे, संजय शर्मा, आनंद बिरथरे, अरुण शर्मा मौजूद थे।



# सशस्त्र सेना वेटरंस दिवस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी में वेटरंस दिवस पर कल अधिकारी, सेवानिवृत्त, गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में सैनिकों की विधवाओं एवं वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नागेशचन्द्र मालवीय, रघुदत्त शर्मा मौजूद थे।



# गजानन महाराज के भक्तों ने दी यज्ञ में आहुतियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संत गजानन महाराज पारायण सेवा समिति लोकमान्य नगर द्वारा साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर पर संकल्प पूर्ति 11 कुंडीय यज्ञ के आयोजन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। तुषार जोशी, हर्षिता राहुल भराड़े ने बताया कि गजानन महाराज और माधवनाथ महाराज से जुड़े श्रद्धालु भी शामिल हुए।

# डाक महिला संगठन ने किया सेवाकार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** डाक महिला संगठन ने कल मकर संक्रांति पर तिल, लड्डू, गजक और स्टेशनरी सामग्री बच्चों को प्रीति अग्रवाल एवं अन्य ने भेंट की।






# सोनी मेढ रत्न अलंकरण से सम्मानित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अ.भा. मेढ़ क्षत्रिय समाज ने इंदौर से जुड़े रहे स्वर्णकार मारवाड़ी समाज ब्रह्मलीन मोहनलाल सोनी का उनके द्वारा किए गए सेवाकार्य पर मेढ़ रत्न की उपाधि देकर सम्मानित स्कीम नं. 71 गार्डन पर किया। समाजजन एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।




# ओसवाल संघ का स्नेह सम्मेलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गार्डन धार रोड पर श्री वर्धमान स्थानकवासी ओसवाल संघ का स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। बडी संख्या में समाजजन मौजूद थे। मंगलाचरण किया गया। नरेन्द्र मेहता, विकास दवे, स्वाति चौपडा, डॉ. नितिन तांतेड, महेश डाकोलिया की मौजूदगी में डॉ. विनोद भंडारी, अनोखीलाल जैन, दीपक जैन टीनू का सम्मान किया गया। निवृत्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र लोढा का बहुमान किया गया। प्रकाश भटेवरा, किशोर पोरवाल, अतुल झामड, सुधीर सेठिया, पूजा मेहता, राकेश बिंदिया मेहता, नीरज कटारिया, विमल तांतेड, संतोष जैन, राजेन्द्र सुराणा सहित अन्य मौजूद थे।

# घाट को तोड़ने का विरोध

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** काशी के ऐतिहासिक घाट मणिकर्णिका को काशी शासन प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। मध्य प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्त संयुक्त संगठन के अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी ने इस कार्यवाही का विरोध किया। जल्द ही राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी दिया जाएगा और फिर से घाट बनाने की मांग की जाएगी।

# इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन इंदौर का स्वर्ण जयंती सम्मेलन 17 जनवरी को जाल सभा गृह में होगा। सम्मेलन में इंदौर मंडल की 33 शाखाओं से लगभग 200 प्रतिनिधि एवं पेंशनर साथी भाग लेंगे।अतिथि श्रीकांत मिश्रा, धर्मराज महापात्र, अजीत केतकर उदघाटन करेंगे। 75 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यतः बीमा क्षेत्र में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति के संदर्भ में निर्मित परिस्थितियों का विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही वर्ग 3 एवं वर्ग 4 कर्मचारियों की नई भर्ती, तथा 20 करोड़ से अधिक बीमाधारकों के हितों की सुरक्षा हेतु आवश्यक उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी अनिल सुरवाडे, चंद्रशेखर चौहान ने दी।

# फिल्म मिसाल के कलाकारों ने की रुबरु कार्यक्रम में शिरकत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में फिल्म मिसाल के कलाकारों ने भाग लिया। फिल्म मिसाल हीमोफीलिया पीड़ित बच्चे की कहानी पर आधारित फिल्म है। एक बच्चे पर आधारित भावनात्मक यात्रा को दर्शाती हुई फिल्म है। क्लब के प्रवीण खारीवाल, ऐश्वर्या राज भाकुनी तथा बाल कलाकार आद्विक सिंह राणा का स्वागत प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी, सोनाली यादव, शीतल राय, रवि चावला, रोहित गढ़वाल, सुनील जैन, राजू घोलप एवं अजय प्रताप सिंह द्वारा किया गया।





# विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पालदा स्थित शिशु विद्या मंदिर में मारुति नन्दन बालाजी सेवा संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। कृष्णमुरारी मोघे, रामबाबू अग्रवाल, रीता जैन, प्रवीण पाराशर, सुभाष गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, संजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दिनेश गोयल, नरेंद्र परमार मौजूद थे।

# पोरवाल समिति का स्नेह सम्मेलन होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अ.भा. श्री गंगराड़े पद्मावती पोरवाल समिति एवं श्री इंदौर गंगराड़े (वैश्य) कल्याण समिति द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन खंडवा रोड स्थित संस्था की नई जमीन पर 18 जनवरी रविवार को आयोजित होगा। संस्था के लिए भूमि क्रय की गई है जहां कार्यक्रम होना है। पुष्पा-सुरेन्द्र गंगराडे एवं समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा।संस्था के योगेन्द्र गंगराड़े, जितेन्द्र गंगराड़े, गोविन्द गंगराड़े, डॉ चन्द्रशेखर, चन्द्रपाल मंडलोई, दिलीप गंगराड़े, डॉ. अनुभा, डॉ. साधना, लता गोपालदास गंगराड़े, डॉ. राम, श्याम गंगराड़े अपनी भूमिका निभाएंगे।

# जगतगुरू भट्टारक के आगमन पर होगा सम्मान

## श्री फल गौरव दिवस पर दो दिवसीय आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गोम्टेश बाहुबली के प्रमुख जगतगुरू भट्टारक प्रथम इंदौर आगमन पर उनका सम्मान का आयोजन ग्रेटर बाबा परिसर पर होगा। 17 और 18 जनवरी को श्री फल गौरव दिवस के अवसर पर आयोजन भी होंगे। एयरपोर्ट रोड इंदौर ग्रेटर बाबा नवग्रह जिनालय वार्षिकोत्सव कलशाभिषेक भी 18 जनवरी रविवार को मनाया जा रहा है। उक्त जानकारी नरेन्द्र वेद, नकुल पाटोदी ने दी।

# चालकों की नई वेतन लिस्ट कल्याण संघ ने जारी की

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश ड्राइवर कल्याण संघ के शीतल ठाकुर, जितेन्द्र चौहान ने बताया कि संघ ने नई वेतन लिस्ट जारी की है। 8 घंटे कार्य के 18000 रुपए, 10 घंटे कार्य के 20000 रु., 12 घंटे कार्य के 25000 रु. महीना और महीने में चार छुट्टी रहेगी और टाइम प्रति घंटा 100 रु. रहेगा। नई वेतन लिस्ट जारी करने का मकसद ड्राइवर भाइयों का गाड़ी मालिक की मनमानी को रोकना है। गाड़ी मालिक ड्राइवर भाइयों का बहुत शोषण करते हैं और बीच के दलाल लोग कमीशनबाजी के चक्कर में ड्राइवर का हक खा जाते हैं। मुंबई, दिल्ली, पटना, लखनऊ से भगाए हुए ड्राइवर यहां पर बहुत ही कम रेट पर कार्य कर रहे हैं और स्थानीय ड्राइवर भाइयों के पेट पर लात मार रहे हैं।

# सामूहिक विवाह समिति के कार्यालय का उद्घाटन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर शहर वाल्मीकि समाज के चारों पंचायत द्वारा सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति के कार्यालय का उद्घाटन बियाबानी पर किया गया। बडी संख्या में समाज के वरिष्ठजन इस दौरान मौजूद रहे। उक्त जानकारी राजेश करोसिया राजा ने दी।





# मकर संक्रान्ति पर गौसेवा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देव गौ सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर गौसेवा का आयोजन किया गया। गायों की पूजा के बाद उनकी पेटपूजा भी कराई गई।



# 200 महिलाओं को कंबल व लड्डू वितरित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मकर संक्रांति के पर्व पर शुभ सिटी परिवार द्वारा 200 महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। तिल-गुड़ के लड्डू भी भेंट किए। दिनेश मल्हार, बसंत पारगी, मनोज नगवाड़िया, दिलीप नरेड़ी, प्रकाश मित्तल, सोहन पटेल, वायडी शर्मा उपस्थित थे।



# कोठारी दम्पति ने ग्यारस पर किया श्रंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राजमोहल्ला स्थित विष्णु-उर्मिला कोठारी दम्पति ने कल ग्यारस और मकर संक्रांति पर ठाकुर का विशेष श्रृंगार किया। सोशल मीडिया पर भी श्रद्धालुओं को दर्शन कराएं।



# चश्मा बैंक ने लगाया नेत्र शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चश्मा बैंक ने एबी रोड स्कूल में नेत्र शिविर का आयोजन किया एवं 100 से अधिक नेत्र रोगियों की जाँच कर उन्हें दवाइया एवं चश्मे निशुल्क दिए गए। डॉ. इरशाद खान ने सेवाएं दी। अटल साबिर सहित अन्य मौजूद थे।

# अक्षय कुमार अपना वोट डालने सबसे पहले पहुंचे



### बोले- 'आज रिमोट कंट्रोल हमारे हाथ में है'

महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 महानगरपालिकाओं के लिए आज 15 जनवरी की सुबह 7.30 बजे से वोटिंग हो रही है। वहीं बॉलीवुड सेलेब्स भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए वोटिंग सेंटर पहुंच रहे हैं। अक्षय कुमार ने मतदान केंद्र पहुंचकर सबसे पहले वोट डाला है। मुंबई में अक्षय कुमार सबसे पहले वोट डालने वाले सेलेब बने हैं। वे सुबह-सुबह ही मतदान केंद्र पहुंच गए। इस दौरान अक्षय कुमार ब्लू शर्ट और पैंट में कूल लुक में दिखे। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाते हुए अक्षय ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने वोटिंग के अधिकार का इस्तेमाल किया। अक्षय कुमार ने कहा, 'आज बीएमसी के लिए मतदान हो रहा है। मुंबईवासी होने के नाते, आज रिमोट कंट्रोल हमारे हाथ में है।' अक्षय ने जनता से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपना वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मैं मुंबई के सभी लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में बाहर आएं और अपना वोट डालें। अगर हमें मुंबई का असली हीरो बनना है, तो हमें सिर्फ बातें नहीं करनी चाहिए, बल्कि बाहर आकर अपना वोट डालना चाहिए..'

# गर्लफ्रेंड गौरी का हाथ थामे स्क्रीनिंग पर पहुंचे आमिर



**आमिर** खान के प्रोडक्शन हाउस के तले बनी फिल्म हैप्पी पटेल रिलीज होने के लिए तैयार है। बुधवार को फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। जहां कई सेलेब्स पहुंचे।

फिल्म हैप्पी पटेल की स्क्रीनिंग पर आमिर खान का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वो अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ वहां पहुंचे थे।

आमिर खान की लव लाइफ किसी से छुपी हुई नहीं है। किरण से तलाक के बाद अब वो गौरी स्प्रैट को डेट कर रहे हैं। अक्सर दोनों साथ में नजर आते हैं और मीडिया में आमिर गौरी के साथ खूब पोज भी देते हैं। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के तले बनी फिल्म हैप्पी पटेल जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की बुधवार को स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी। स्क्रीनिंग में आमिर ने गौरी का हाथ थामे हुए एंट्री की। दोनों की फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। गौरी किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं लग रही थीं। ब्लैक कलर की आउटफिट में एकदम लाइट मेकअप के साथ बहुत प्यारी लगी रही थीं। आमिर के चेहरे पर भी अलग ही स्माइल इस दौरान देखने को मिली। दोनों का ये अंदाज फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। उनकी फोटोज पर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आमिर भी अक्सर गौरी के बारे में बात करते हुए नजर आते हैं। हैप्पी पटेल की स्क्रीनिंग में आमिर खान का पूरा परिवार शामिल हुआ था। उनकी मां से लेकर बहन तक हर कोई पहुंचा था।

'बॉर्डर' में सुनील शेट्टी के साथ नजर आई शरबानी मुखर्जी अब कहां हैं? फिल्म में वो थोड़े समय के लिए ही नजर आई थीं मगर उन्हें खूब पसंद किया गया था।

# 'ऐ जाते हुए लम्हों' की शरबानी मुखर्जी अब कहां हैं?



**'बॉर्डर'** से बॉलीवुड में कदम रखने वाली शरबानी मुखर्जी को फिल्म का मशहूर गाना 'ऐ जाते हुए लम्हों ज़रा ठहरो' ज़रूर पहचान दिला गया, लेकिन इंडस्ट्री में वह अपनी जगह लंबे समय तक बना नहीं पाईं। उनका रोल सीमित था और इसके बाद उन्हें वैसी बड़ी फिल्में नहीं मिल सकीं।

दिलचस्प बात यह है कि शरबानी, बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेसेज़ काजोल और रानी मुखर्जी की कजिन हैं और अक्सर पारिवारिक मौकों पर उनके साथ नजर आती हैं।

बॉलीवुड में सीमित अवसर मिलने के बाद शरबानी ने मलयालम सिनेमा का रुख किया, जहां उन्हें अच्छी सफलता मिली। इसके अलावा वह कई टीवी विज्ञापनों में भी दिखाई दीं।

शरबानी मुखर्जी ने पाकिस्तानी सिंगर शाजिया मंजूर के लोकप्रिय गाने 'घर आजा सोनिया' में एक गूंगी-बहरी लड़की का किरदार निभाकर भी खूब तारीफ बटोरी। यह म्यूजिक वीडियो दर्शकों के बीच काफी चर्चित रहा।

# मलाइका ने अर्जुन को बताया जिंदगी का अहम हिस्सा

**मलाइका** अरोड़ा ने हाल ही में एक्स बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर को लेकर रिएक्ट किया। साथ ही उन्होंने मिस्ट्री मैन को लेकर भी बात की।.



एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में रहती हैं। एक्टर अर्जुन कपूर संग उनका अफेयर और ब्रेकअप सुर्खियों में रहा था। अब एक्ट्रेस ने अर्जुन कपूर को लेकर बात की है। नम्रता जकारिया शो में बातचीत में मलाइका ने कहा, 'मुझे लगता है कि गुस्सा और दुख आपकी लाइफ के किसी खास दौर या समय में होते हैं। मुझे लगता है कि हर किसी के साथ ये होता है। हम इंसान हैं। हम सब गुस्सा, नाराजगी और निराश होने के दौर से गुजरते हैं। ये ह्यूमन नेचर है। लेकिन जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, जैसे-जैसे समय गुजरता है और सबसे घिसी-पिटी बात कि समय सब कुछ ठीक कर देता है।' आगे उन्होंने कहा, 'ये अलग नहीं है। चाहे कुछ भी हो, मुझे लगता है कि वो ऐसे शख्स हैं जो मेरे लिए बहुत जरुरी हैं। वो मेरी जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। जो भी हो। मैं अपने पास्ट और फ्यूचर के बारे में बात करना पसंद नहीं करती। इसे लेकर काफी कुछ लिखा गया है। बहुत कुछ फैलाया गया है। ये मीडिया के लिए खबर बनाने की जगह बन गया है।' मलाइका ने कहा, 'मेरा रिलेशनशिप हमेशा सुर्खियों में रहा है। उसे लेकर हमेशा खबरें बनी हैं। मुझे याद है कि एक समय पर मैं बोलने लगी थी कि मेरी जिंदगी पर्सनल लाइफ के अलावाभ भी है।

# दीपक तिजोरी के साथ हुई 2.5 लाख की धोखाधड़ी



**बॉलीवुड** एक्टर दीपक तिजोरी के साथ फ्रॉड हुआ है। बड़े फिल्म प्रोडक्शन हाउस से लेटर ऑफ इंटरेस्ट दिलाने के नाम पर उनके साथ 2.5 लाख की धोखाधड़ी हुई है। बॉलीवुड अभिनेता, निर्देशक और फिल्म निर्माता दीपक तिजोरी के साथ ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि उनकी अपकमिंग हिंदी फिल्म 'टॉम डिक एंड मैरी' के लिए फंडिंग दिलाने के नाम पर उनसे 2.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। अभिनेता की शिकायत के आधार पर मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता दीपक तिजोरी गोरेगांव पश्चिम स्थित गार्डन एस्टेट के निवासी हैं और वर्ष 1990 से फिल्म उद्योग से जुड़े हुए हैं। दिसंबर 2024 में उन्होंने अपनी फिल्म टॉम डिक एंड मैरी की पटकथा पूरी की थी, जिसके निर्माण के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता थी।

### ये है मामला

शिकायत में बताया गया है कि फरवरी 2025 के पहले सप्ताह में कविता शिबाग कपूर नाम की एक महिला तिजोरी के आवास पर पहुंची और खुद को टी-सीरीज़ से जुड़ा हुआ बताया। उसने ज़ी नेटवर्क और मीडिया इंडस्ट्री में अपने मजबूत संपर्क होने का भी दावा किया। इसके बाद कविता ने तिजोरी की मुलाकात अपनी सहयोगी फौजिया आरसी से कराई और कहा कि वह ज़ी नेटवर्क से फिल्म के लिए लेटर ऑफ इंटरेस्ट (थ्ध्) दिला सकती है, जिससे निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

आरोप है कि दोनों महिलाओं ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर थ्ध् उपलब्ध करा दिया जाएगा और इसके एवज में पहली किस्त के रूप में 2.5 लाख रुपये की मांग की गई। उनकी बातों पर भरोसा करते हुए 21 फरवरी 2025 को एक समझौता ज्ञापन (श्दळ) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद 22 फरवरी 2025 को दीपक तिजोरी ने फौजिया आरसी के बैंक खाते में ?2.5 लाख ट्रांसफर किए।

हालांकि, काफी समय बीत जाने के बावजूद न तो ज़ी नेटवर्क से कोई लेटर ऑफ इंटरेस्ट मिला और न ही पैसे वापस किए गए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि तिजोरी को जोशी नाम के एक व्यक्ति से फोन पर बात करवाई गई, जिसे ज़ी नेटवर्क का प्रतिनिधि बताया गया था। बाद में ज़ी नेटवर्क के वरिष्ठ अधिकारियों से सत्यापन करने पर सामने आया कि संगठन में इस नाम का कोई व्यक्ति कार्यरत नहीं है।

खुद के साथ हुई ठगी का एहसास होने के बाद दीपक तिजोरी ने पुलिस से संपर्क किया। बांगुर नगर पुलिस ने 13 जनवरी 2026 को कविता शिबाग कपूर, फौजिया आरसी और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# विजय माल्या ने किया था समीरा रेड्डी का कन्यादान

### एक्ट्रेस ने खुद किया था खुलासा

**समीरा** रेड्डी बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं।उन्होंने कई शानदार फिल्में की हैं मगर अब वो एक्टिंग की दुनिया से दूर हो चुकी हैं।आपको उनकी शादी के बारे में बताते हैं।

बॉलीवुड की शादियां हमेशा सुर्खियों में रही हैं। फिर चाहे वो सिंपल तरीके से हो या ग्रैंड लेवल पर। हर कोई अलग तरीके से शादी करना पसंद करता है। एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिनकी शादी में कन्यादान किसी और ने नहीं बल्कि विजय माल्या ने किया था। विजय उस समय पर बहुत बड़ा नाम हुआ करते थे। हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वो समीरा रेड्डी हैं। समीरा ने 21 जनवरी 2014 को शादी करके हर किसी को चौंका दिया था। उन्होंने टरसाइकिल डिजाइनर अक्षय वर्दे से ट्रेडिशनल महाराष्ट्रीयन रीति-रिवाजों से शादी की थी। विजय माल्या अब कंट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं मगर एक समय था जब उन्हें आलीशान लाइफस्टाइल, किंगफिशर एयरलाइंस, पार्टीज़ और ग्लैमर के लिए जाना जाता था। उन्होंने समीरा की शादी में एक पेरेंट जैसा रिश्ता निभाया था। दोनों का कोई खून का रिश्ता नहीं है मगर विजय माल्या ने एक बहुत बड़ी रस्म निभाई थी। समीरा ने डीएनए को दिए एक इंटरव्यू में इस बारे में खुलासा कियाथा। समीरा ने बताया था कि उनकी शादी पहले अप्रैल 2014 में होने वाली थी। मगर कुछ बदलाव की वजह से इसे टालना पड़ा था।



## संपादकीय

### मिनटों में सामान, सालों का जोखिम, क्लिक से घर तक दस मिनट, लेकिन सड़क पर जान की जिम्मेदारी किसकी?

दस मिनट में सामान पहुंचाने की होड़ ने ऑनलाइन डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बढ़ते सड़क हादसे और काम के दबाव से सरकार की रोक जरूरी थी।भ्आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और अत्यधिक व्यस्तता के बीच आनलाइन सामान पहुंचाने का कारोबार न केवल रोजगार का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत बन गया है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए एक बड़े बाजार की शक्ल ले चुका है। खासकर कोविड महामारी के बाद से इसमें जबरदस्त उछाल आया है और अब मांग पर हर तरह के उत्पाद मिनटों में घर पर पहुंच जाते हैं। मगर तत्काल सामान पहुंचाने की होड़ में इस कार्य से जुड़े कर्मियों पर आनलाइन कंपनियों के दबाव और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं। सामान पहुंचाने के दौरान सड़क हादसों में मौत हो जाने की देश भर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने अब दस मिनट में सामान पहुचाने से संबंधित कंपनियों के दावों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सवाल है कि आखिर सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा? क्या संबंधित कंपनियों की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने कर्मियों की सुरक्षा और बेहतरी की फिक्र करें? बीते वर्ष के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर 2025 को घर पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों ने हड़ताल का आह्वान कर अपनी दिक्कतों की तरफ देश, समाज और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी। कुछ अरसे से ऑनलाइन बाजार की यह कह कर हिमायत की जा रही है कि इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और उपभोक्ताओं को भी अपनी पसंद के सामान की खरीदारी का आसान विकल्प मिल गया है। साथ यह भी कहा जाता है कि इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों को अपने कार्य की अवधि खुद तय करने की आजादी है। मगर, क्या वास्तव में उन्हें काम करने की आजादी है? निर्धारित समय के भीतर सामान पहुंचाने और प्रतिदिन का लक्ष्य पूरा करने का दबाव कई बार उन्हें मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक तकलीफ भी देता है। इस दबाव में सड़क पर तेज रफ्तार में दोपहिया वाहन चलाने से हर समय जान का जोखिम बना रहता है। ऐसे में दस मिनट में सामान पहुंचाने के वादों पर रोक लगाना निहायत जरूरी हो गया था। नीति आयोग की वर्ष 2022 की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2020 में देश भर में आनलाइन मांग पर सामान पहुंचाने वाले कार्मियों की संख्या करीब 77 लाख थी और यह आंकड़ा 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इससे यह बात तो स्पष्ट है कि आनलाइन बाजार के कारोबार से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन साथ ही संबंधित कंपनियों की प्रतिस्पर्धा में कर्मियों की सुरक्षा और काम के दबाव का संकट भी पैदा हुआ है।

## शराब के लिए टोका तो सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने चौथी मंजिल से लगाई छलांग, मौत

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित एक पॉश टाउनशिप में शराब की लत और पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पिता द्वारा शराब पीने से रोकने और घर के गेट पर ताला लगाने से नाराज होकर 28 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने घर की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, यह घटना गोल्डन पाम टाउनशिप की है। यहाँ रहने वाले वैभव पिता राकेश गायकवाड़ (28) ने बुधवार रात अपने घर की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में पिता ने बताया कि वैभव ने शाम को भी शराब पी थी, लेकिन रात में वह दोबारा शराब पीने की जिद करने लगा। बेटे की बिगड़ती हालत और लत को देखते हुए पिता ने उसे बाहर जाने से मना किया और घर के नीचे वाले गेट पर ताला लगा दिया। इस बात से वैभव इतना नाराज हुआ कि वह ऊपर की मंजिल पर गया और वहां से नीचे कूद गया।परिजनों ने बताया कि वैभव अमेरिका की एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत था और वर्तमान में घर से ही 'वर्क फ्रॉम होम' कर रहा था। परिवार में उसके माता-पिता और एक बड़ा भाई है।फिलहाल लसूड़िया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### फ्लैट के सौदे में लाखों की धोखाधड़ी

## खरीदार से ऐंठे 13.61 लाख रुपये, मालिक को भनक तक नहीं लगने दी

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में फ्लैट बेचने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला उजागर हुआ है। आरोपी ने खुद को अधिकृत बताकर खरीदार से फोन-पे और नकद के माध्यम से बड़ी रकम वसूल ली, लेकिन इसकी जानकारी फ्लैट के वास्तविक मालिक को नहीं दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, स्कीम नंबर 54 विजय नगर निवासी 30 वर्षीय अक्षय बडोने ने मामले में शिकायत दर्ज कराई है। अक्षय ने कनाड़िया रोड स्थित आलोक नगर में सूर्यांश आलोकजी परिसर के फ्लैट नंबर 302 को खरीदने का सौदा मोहित शर्मा नामक व्यक्ति के माध्यम से किया था। मोहित ने खुद को फ्लैट बेचने के लिए अधिकृत बताते हुए अक्षय को विश्वास में लिया। 23 सितंबर 2024 को सादे की शर्तों के तहत अक्षय ने कुल 13 लाख 61 हजार रुपये मोहित शर्मा को विभिन्न माध्यमों से अदा किए। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित को पता चला कि आरोपी मोहित ने इस भुगतान की कोई भी जानकारी फ्लैट की वास्तविक मालिक हिना शेख को नहीं दी है। आरोपी ने न केवल रकम को अपने पास छिपाकर रखा, बल्कि मालिकाना हक और हस्तांतरण की प्रक्रिया में भी गुमराह किया। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मोहित शर्मा ने जानबूझकर आपराधिक षड्यंत्र रचकर खरीदार के साथ विश्वासघात किया है। कनाड़िया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अब वित्तीय लेनदेन के सबूतों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## नशे में धुत कार चालक ने दंपती को मारी टक्कर, विरोध करने पर सरेराह की मारपीट

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में तेज रफ्तार कार चला रहे एक युवक ने न केवल एक दंपती की गाड़ी को टक्कर मारी, बल्कि रोके जाने पर उनके साथ सरेराह मारपीट भी की। भमोरी वाइन शॉप के सामने हुए इस घटनाक्रम में आरोपी ने दंपती को लात-घूंसों से पीटा। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विजय नगर पुलिस के मुताबिक, घटना एम.आर.-5 महालक्ष्मी नगर निवासी नीता जैन और उनके पति वैभव जैन के साथ हुई। फरियादी नीता ने पुलिस को बताया कि वे अपनी गाड़ी से जा रहे थे, तभी भमोरी वाइन शॉप के सामने कार नंबर एमपी-08 टी 1868 के चालक प्रिंस अरोरा ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी प्रिंस ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद ऑटो चालकों ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे घेरकर रोक लिया। जब नीता और उनके पति वैभव कार से नीचे उतरे और आरोपी को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह देने लगे, तो शराब के नशे में धुत प्रिंस अरोरा उग्र हो गया। आरोपी ने दंपती के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें मां-बहन की अश्लील गालियां दीं। विरोध करने पर उसने नीता और वैभव जैन के साथ हाथापाई शुरू कर दी और उन्हें लात-घूंसों से पीटा।

## हाई वोल्टेज तारों वाली ट्रेन में जनरेटर का क्या है रोल?



*रेलवे का मकसद यही होता है कि सफर के दौरान यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो। इसीलिए इलेक्ट्रिक ट्रेनों में भी जनरेटर भी लगाया जाता है। चलिए जानें इसका क्या काम है।*

*पटरी के ऊपर दौड़ते मोटे तार, इंजन से जुड़ा पेंटोग्राफ और तेज रफ्तार से भागती ट्रेनष्ठ देखने में सब कुछ साफ लगता है कि ट्रेन सीधे बिजली से चल रही है, लेकिन फिर सवाल उठता है कि जब ऊपर से हजारों वोल्ट की बिजली मिल रही है, तो ट्रेन के पीछे जनरेटर यान क्यों लगाया जाता है? क्या बिजली सप्लाई में कोई कमी रह जाती है या फिर इसके पीछे कोई खास तकनीकी वजह है? जवाब जानकर आप भी चौंक सकते हैं।*

*भारतीय रेलवे को देश की लाइफलाइन कहा जाता है। रोजाना करोड़ों यात्री लंबी और छोटी दूरी का सफर ट्रेन से करते हैं। बीते कुछ सालों में रेलवे ने तेजी से विद्युतीकरण किया है और आज देश के ज्यादातर रूट पर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव दौड़ रहे हैं। इससे न सिर्फ ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी है, बाल्कि डीजल पर निर्भरता कम होने से पर्यावरण को भी बड़ा फायदा हुआ है।*

*इलेक्ट्रिक ट्रेन को बिजली पटरी के ऊपर लगे ओवरहेड तारों से मिलती है। इन तारों में करीब 25 हजार वोल्ट यानी 25 केवी एसी करंट होता है।*

*इंजन के ऊपर लगा पेंटोग्राफ इन तारों को छूता है और बिजली को इंजन तक पहुंचाता है। इसके बाद इंजन में मौजूद ट्रांसफॉर्मर इस हाई वोल्टेज को जरूरत के हिसाब से कम या ज्यादा करता है और मोटरों तक भेजता है, जिससे ट्रेन आगे बढ़ती है।*

*यहीं पर सबसे बड़ा सवाल पैदा होता है। अगर इंजन को इतनी ताकतवर बिजली मिल रही है, तो फिर ट्रेन के पीछे जनरेटर यान क्यों जोड़ा जाता है? असल में ओवरहेड तारों से मिलने वाली बिजली का इस्तेमाल मुख्य रूप से ट्रेन को चलाने के लिए होता है, लेकिन ट्रेन के अंदर भी बहुत ज्यादा बिजली की जरूरत होती है। एसी कोच, लाइट, पंखे, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, पेंट्री कार, पानी की मोटर और अन्य सिस्टम लगातार पावर मांगते हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों में, खासकर राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, तेजस और गरीब रथ जैसी ट्रेनों में एसी कोच ज्यादा होते हैं। ऐसे में सिर्फ ओवरहेड सप्लाई पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए रेलवे जनरेटर यान लगाता है, ताकि कोचों में बिजली की सप्लाई लगातार बनी रहे। जनरेटर यान का मुख्य काम पावर को मैनेज करना होता है। अगर किसी वजह से ओवरहेड सप्लाई में दिक्कत आ जाए, वोल्टेज कम-ज्यादा हो जाए या ट्रेन किसी ऐसे सेक्शन में पहुंच जाए जहां बिजली अस्थायी रूप से बाधित हो, तो जनरेटर तुरंत काम संभाल लेता है। इससे यात्रियों को अंधेरे, एसी बंद होने या अन्य परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है।*

## सुबह उठते ही पी लें ये खास तरह का पानी, शरीर से निकल जाएगी सारी गंदगी;

सुबह-सुबह खीरे का डिटॉक्स वाटर पीना काफी फायदेमंद होता है। यह शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स त्वचा को निखारते हैं और पाचन तंत्र को बेहतर बनाते हैं।

हमारे शरीर को हर दिन डिटॉक्सीफिकेशन की जरूरत होती है। हालांकि, कई बार शरीर में लंबे समय से गंदगी जमने लगती है, जिससे पूरे शरीर को नुकसान पहुंचने लगता है। ऐसे में आप कुछ चीजों के सेवन से खुद को फिट रखने के साथ-साथ शरीर में जमी गंदगी को भी निकाल सकते हैं। आप सुबह उठकर खीरे का डिटॉक्स वाटर भी पी सकते हैं। इससे शरीर आसानी साफ हो जाएगा। सुबह उठते ही खीरे का डिटॉक्स वाटर पीना काफी बेहतर होता है। यह शरीर के लिए काफी कारगर तरीके से काम करता है। खीरे में कई प्रकार के एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो सेल्स और स्किन पोर्स को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। खीरे में पोटेशियम, मैग्निशियम और कैल्शियम होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहता है। खीरे का डिटॉक्स वाटर बनाने के लिए आप सबसे पहले कटे हुए खीरे को एक जार में डालें। अब इसमें पानी डालें और सही से हिलाएं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 142900 | 142500 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 266000 | 279100 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# बांग्लादेश ने आईसीसी को दिया करारा जवाब

## वर्ल्ड कप ना खेलने से हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आगामी टी20 विश्व कप 2026 से हटने की संभावनाओं के बीच आईसीसी (आईसीसी) को बेहद सख्त संदेश दिया है। बीसीबी की वित्त समिति के अध्यक्ष नजमुल हुसैन ने दावा किया है कि यदि बांग्लादेश की टीम भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट से बाहर होती है, तो बोर्ड को किसी भी प्रकार का वित्तीय घाटा नहीं उठाना पड़ेगा। नजमुल का यह बयान तब आया है जब उन्होंने हाल ही में पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कहकर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था, जिससे विश्व कप में टीम की भागीदारी को लेकर बहस और तेज हो गई है।

नजमुल हुसैन ने बोर्ड की आर्थिक स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके राजस्व का ढांचा पहले से ही तय है। उन्होंने बताया, 2027 तक, हमारे राजस्व पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि 2022 की आईसीसी वित्तीय बैठक में यह पहले ही तय हो चुका था। नजमुल का मुख्य तर्क यह है कि मौजूदा सायकल के लिए आईसीसी से मिलने वाली आय निश्चित है, इसलिए इस एक टूर्नामेंट में हिस्सा न लेने से बोर्ड की बैलेंस शीट पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनके अनुसार, बोर्ड का आईसीसी से होने वाला लाभ पहले से ही सुरक्षित है।

हालांकि, नजमुल ने यह भी साफ किया कि इस फैसले का सीधा आर्थिक असर खिलाड़ियों की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को कोई नुकसान नहीं होगा (अगर हम विश्व कप में हिस्सा नहीं लेते हैं) क्योंकि नुकसान खिलाड़ियों का होगा। उन्होंने विस्तार से बताया कि जब खिलाड़ी मैदान पर उतरते हैं, तो उन्हें हर मैच की फीस मिलती है। इसके अलावा, 'मैन ऑफ द मैच' बनने या विशेष प्रदर्शन करने पर आईसीसी के नियमों के तहत मिलने वाली राशि सीधे खिलाड़ियों को जाती है, जिससे बोर्ड का कोई लेना-देना नहीं होता। उनके शब्दों में, चाहे बांग्लादेश यहां खेले या न खेले, बोर्ड को इससे कोई नफा- नुकसान नहीं है।

भले ही बोर्ड वर्तमान वित्तीय घाटे से इनकार कर रहा हो, लेकिन नजमुल ने भविष्य की चुनौतियों की ओर भी इशारा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि विश्व कप छोड़ने से भविष्य के द्विपक्षीय दौरों और फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक जायज सवाल है कि क्या भविष्य में अन्य टीमें बांग्लादेश खेलने आएंगी। फिलहाल, बीसीबी का संदेश बहुत स्पष्ट है कि बोर्ड की मुख्य कमाई सुरक्षित है, लेकिन अगर टीम पीछे हटती है, तो इसका सबसे पहला और बड़ा खामियाजा ड्रेसिंग रूम यानी खिलाड़ियों को ही भुगतना पड़ेगा। अब देखना यह है कि आईसीसी इस कड़े रुख पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

# जिला स्तरीय जिम्नास्टिक स्पर्धा का भव्य आयोजन

### 30 जनवरी से 1 फरवरी तक होंगे मुकाबले

**इन्दौर।** इंदौर जिला जिम्नास्टिक संगठन व श्री गौड़ स्पोर्ट्स द्वारा इंदौर में पहली बार 30 जनवरी से 1 फरवरी तक तीन दिनी भव्य स्तर पर सभी आयु वर्ग की जिम्नास्टिक स्पर्धा का आयोजन स्थानीय चिमनबाग स्थित जिम्नास्टिक सेंटर पर होगा।

म.प्र. जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष अभय राहुल ने बताया कि स्पर्धा में बालक वर्ग में लेवल-1 (6 से 8 वर्ष), लेवल-2 (6 से 8 वर्ष), लेवल-3 (8 से 10 वर्ष), सबजूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। बालिका वर्ग में लेवल -1 (6 से 8 वर्ष), लेवल-2 (8 से 10 वर्ष), सबजूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। इस सफल आयोजन के लिए जितेंद्र गौड़ को स्पर्धा सचिव तथा अनिकेत पातारे को स्पर्धा निदेशक नियुक्त किया गया है।

## एमवायसीसी की विशाल जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमवायसीसी व एमबीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने 50 ओवरो में 7 विकेट पर 210 रन बनाये। कुलदीप गेही ने नाबाद 110 रन बनाये। इमरान लतीफ ने 4 विकेट लिये। जवाब में एमबीसीए की टीम 130 रनों पर सिमट गई और यह मैच 80 रनों से हार गई । नमन जैन व मिहिर हिरवानी ने 3-3 विकेट लिये।

# भारत-पाकिस्तान मैच के टिकटों के लिए मची ऐसी होड़ कि सर्वर ही क्रैश हो गया

**नई दिल्ली ।** टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे राउंड के मैचों के टिकटों की सेल शुरू हो चुकी है। बुधवार 14 जनवरी से दूसरे दौर के मैचों के टिकटों की सेल शुरू हुई, जिसमें हाई वोल्टेज इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच भी शामिल है। इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच के टिकटों के लिए तो इतनी मारामारी देखने को मिली कि टिकट बेचने वाली साइट का सर्वर ही ठप्प पड़ गया। बांग्लादेश की टीम के भारत आने पर अभी भी संशय है, लेकिन टिकटों की सेल जारी है।

इंडिया और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को कोलंबो में लीग फेज का मुकाबला खेला जाना है। इसी मुकाबले समेत टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे फेज के मैचों के लिए टिकट सेल बुकमायशो पर 14 जनवरी को शुरू हुई। फैंस की जबरदस्त दिलचस्पी इन मैचों के टिकटों के लिए देखने को मिली, खासकर इंडिया-पाकिस्तान मैच के लिए फैंस के बीच काफी डिमांड थी, जो इस राउंड के एलोकेशन में शामिल था।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 मैचों के टिकट लाइव होने के कुछ ही मिनटों में बुकमायशो वेबसाइट पर ट्रैफिक बढ़ गया, क्योंकि यूजर्स टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा डिमांड वाले मैच के लिए अपनी सीट पक्की करने की कोशिश कर रहे थे। क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो एक साथ इतनी रिक्वेस्ट आने से प्लेटफॉर्म के सर्वर क्रैश हो गए। घ्ण मेंस ऊ20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से हो रही है, जो 8 मार्च तक चलेगा। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में अपना कैंपेन 7 फरवरी को ही शुरू करेगी। पहला मैच भारत का ळर्एं के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित होगा। वहीं, पाकिस्तान इस ग्लोबल टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में कोलंबो में नीदरलैंड्स से भिड़ेगा। इंडिया को इसके बाद 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया से भिड़ना है और फिर कोलंबो में 15 फरवरी को इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच होगा। इसके बाद आखिरी लीग फेज का मैच भारत का अहमदाबाद में नीदरलैंड से होगा। पाकिस्तान की टीम 10 फरवरी को यूएसए से कोलंबो में खेलेगी। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम और सिनहलीज स्पोर्ट्स क्लब में पाकिस्तान के सभी मैच खेले जाएंगे। सुपर 8 के कुछ मैच भी श्रीलंका में ही खेले जाने हैं।

# आज भी लगे हैं बेरिकेट्स पर चाइना धागन सावधानी के बैनर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छोटी ग्वालटोली पुलिस ने शास्त्री ब्रिज पर बेरिकेट्स पर चाइना मांझे का उपयोग नहीं करने और उनसे सावधान रहने के बैनर लगाए थे जो आज भी लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कल भी एक घटना चाइना मांझे से हुई थी उसी के बाद पुलिस और अलर्ट हुई और लोगों से गाड़ी धीरे चलाने की अपील भी की गई। बेरिकेट्स के समीप दो पुलिस जवान भी ड्यूटी दे रहे हैं।



# इंदौर में होगा सीरीज का फैसला, आज दोपहर आ रही दोनों टीमें

### मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह चरम पर, होलकर स्टेडियम तैयार, काली मिट्टी पर खेला जाएगा मैच

**इंदौर।** तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मैच न्यूजीलैंड ने जीता और सीरीज 1-1 की बराबरी पर ला दी। अब भारत को यदि सीरीज जीतना है तो तीसरा मैच हर हाल में जीतना होगा। वैसे होलकर स्टेडियम में भारतीय टीम का वनडे रिकॉर्ड शानदार रहा है और वह अब तक कोई मुकाबला नहीं हारा है।

एमपीसीए द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दोपहर 3.20 बजे के लगभग इंदौर पहुंचेगी। कड़ी सुरक्षा के बीच इन्हें विमानतल से होटल पहुंचाया जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग ने कड़ी तैयारी भी की है। भारतीय टीम जहां होटल रेडिसन ब्लू में ठहरेगी वहीं न्यूजीलैंड की टीम मेरियट होटल में ठहरेगी।

### इंदौर में होते है हाई स्कोरिंग मैच

होलकर स्टेडियम में यहां हाई स्कोर वाले मैच होते हैं, जो दर्शकों के लिए पैसा वसूल बन जाते हैं। चीफ पिच क्यूरेटर मनोहर जामले ने बताया, होलकर स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच में पिच बनाने के लिए काली मिट्टी का इस्तेमाल किया जाएगा। पिच लगभग पूरी तरह से तैयार भी हो चुकी है, बस फाइनल टच दिया जा रहा है। इससे पहले भी होलकर स्टेडियम में कई वनडे मैच हो चुके हैं, जिसमें पिच बनाने में काली मिट्टी का इस्तेमाल किया गया था ।

### पिछले मैच में बने थे इतने रन

इंदौर स्टेडियम बल्लेबाजों को रास आता है। छोटी बाउंड्री होने के कारण यहां खूब रन बनते हैं। पिछले वनडे मैच में इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 399 रन का स्कोर भी खड़ा किया जा चुका है. क्योंकि, यहां बाउंड्री छोटी है तो छक्के और चौकों की बारिश भी देखने को मिलेगी। उम्मीद जताई जा रही कि इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले 18 जनवरी के मैच में भी अच्छा स्कोर खड़ा होगा।



### विराट-रोहित को देखने की चाहत

इस बार टिकट के लिए सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन रखा गया था । बुकिंग ओपन होते ही कुछ ही घंटों में स्टेडियम फुल हो गया था । मैच देखने आने वाले दर्शकों को अपने साथ ओरिजिनल फोटो आईडी प्रुफ लाना होगा । इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली एक साथ खेलने वाले हैं, जिसको लेकर भी दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## धार कलेक्टर के नाम फेक आईडी बनाई

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाए जाने की घटना सामने आई है। इससे लोगों को मैसेज भेजने के बाद प्रशासन भी अलर्ट हुआ और फिर प्रशासन ने बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का केवल अधिकारिक फेसबुक अकाउंट ही मान्य है। कुछ अधिकारियों ने कहा कि इस फेक आईडी से कोई भी लेन-देन नहीं करे, अगर कोई जानकारी आए तो सीधे बात करें। किसी भी प्रकार का फर्जी संदेश प्राप्त होता है तो उसके स्क्रीन शॉट और प्रोफाइल लिंक सहित तुरंत रिपोर्ट करें। इसके लिए हेल्पलाइन नम्बर 1930 भी जारी किया गया है। उक्त जानकारी धार प्रतिनिधि नितिन राठौर ने दी।



न्यूज इन बॉक्स

## जयंत गुर्जर की घातक गेंदबाजी से बडवानी जिला फायनल में

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर क्रिकेट स्पर्धा जो कि इंदौर में ही खेली जा रही के अंतर्गत यशवंत क्लब पर बडवानी एवं खण्डवा जिले के मध्य दो दिवसीय सेमीफायनल मैच खेला गया जिसमें



खंडवा जिले से पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 62 ओवरो में सभी विकेट खोकर 243 रन बनाये । तमेश ठडानी ने 59 रन एवं समर्थ दुबे ने 40 रन बनाये। जयंत गुर्जर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं प्रखर काग ने 2 विकेट लिये । जवाब में बडवानी जिले ने अपनी पहली पारी में 59 ओवरो में सभी विकेट खोकर 243 रन बनाकर 11 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त कर ली । होश सुर्यवंशी ने 71 रन, विपिन सोलंकी ने 42 रन एवं अथर्व शाह ने 42 रनों का योगदान दिया । सौरभ पाटीदार व मानस जैन ने 4-4 विकेट लिये । खंडवा जिले ने अपनी दूसरी पारी में 25 ओवरो में 9 विकेट खोकर 172 रनों का स्कोर बनाया और बडवानी जिले के समक्ष 161 रनों का विजयी लक्ष्य रखा । तमेश ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। जयंत गुर्जर ने दूसरी पारी में भी घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लेकर पूरे मैच में 10 विकेट हासिल किया । प्रखर काग ने 4 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच समाप्त होने तक बडवानी जिले ने 36 ओवरोमें 6 विकेट पर 73 रन बना लिये थे । इस तरह बडवानी जिले ने पहली पारी की बढत के आधार पर मैच जीतकर फायनल में प्रवेश किया ।

# श्रेया, लविका, ओमिशा, रिद्धिमा, मिश्का, शिवांश, त्रिशिर,मेहर, अर्ना, तिविशा सेमीफाइनल में

इंदौर । सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में श्रेया अंग्रवाल, लविका डोदिया, तिविषा जैन और रिद्धिमा सूद ने 15वर्ष बालिका, अर्ना बत्रा, श्रेया अंग्रवाल, ओमिशा मेहता और मिश्का गुप्ता ने 17 वर्ष बालिका एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई । जया यादव और नायशा पुरोहित 15वर्ष बालिका युगल एवं अर्णव गौर और आरुष आर्य एवं आदर्श पवार और शिवांश शर्मा 15वर्ष बालक युगल के सेमीफाइनल में आए । 9वर्ष बाा-लिका वर्ग में नयोनिका नरवाले और खंडवा की किआरा दासगुप्ता खिताबी मुकाबले में हैं ।

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हो रही स्पर्धा में हर्षवर्धन सिंह, त्रिशिर पाटीदार, अर्णव गौर और रोशन जिबिन 15वर्ष बालक एकल, मेहर आंनद, भव्य चढोकर, आर्जव मरघदे और शिवांश शर्मा 17वर्ष बालक एकल के सेमीफाइनल में हैं । 15वर्ष




बालक और बालिका एवं 17 वर्ष बालक वर्ग में युगल मुकाबले शुरु हुए । 15वर्ष बालिका युगल में जया यादव और नायशा पुरोहित ने हिमांशी वर्मा और कर्णिका मिश्रा को 15-2,15-2 से हराया, अर्णव गौर और आरुष आर्य ने अयान शर्मा और हरी-त चतुर्वेदी को 15-3,15-7 से हराया । 15वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में धार की लविका डोदिया ने नायशा पुरोहित को 18-21,21-8,21-12 से, उज्जैन की श्रेया अंग्रवाल ने जया यादव को 21-13,21-13 से, रिद्धिमा सूद ने निहिरा पटोदिया को 21-17,21-11 से और तिविषा जैन ने ओमिशा मेहता को 21-7,21-16 से पराजित किया । 9वर्ष बालिका एकल में नयोनिका नरवारे ने दर्शना सरग को 15-10,15-5 से और 9वर्ष बालक वर्ग में धार के लवांश पटोदिया ने एकाग्र सोनी को 15-13,15-12 से हराया ।17 वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में अर्ना बतरा ने दिव्या गुर्जर को 21-18, 10-21, 21-19 से, श्रेया अंग्रवाल ने राजगढ़ -ब्यावरा की अर्णिका चौहान को 21-13,21-16 से, ओमिशा मेहता ने नायशा पुरोहित को 21-15,21-11 से और मिश्का गुप्ता ने शनाया सोनी को 21-10, 21-15 से हराया । 15वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में हर्षवर्धन सिंह ने अथर्व सुखरोसी को 21-6,21-5 से, त्रिशिर पाटीदार ने शिवांश शर्मा को 21-11,25-23 से, अर्णव गौर ने चंद्रकांत विश्वकर्मा को 21-13, 21-12 से और रोशन जिबिन ने आदर्श पवार को 21-12,21-17 से पराजित किया । 17 वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में मेहर आंनद ने हार्दिक धुलिये को 21-6, 21-9 से, भव्य चढोकर ने शिवांश सुनेरे को 21-7,21-10 से और आर्जव मरघदे ने चंद्रकांत विश्वकर्मा को 21-8,21-8 से पराजित बिया, शिवांश शर्मा को वाक ओवर मिला।

## मां कनकेश्वरी क्लब की आसान जीत

इंदौर। एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-13 स्पर्धा के अंतर्गत एक मैच एमकेसीसी एवं जय गिरनारी के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 35 ओवरो में 117 रन बनाकर सभी विकेट खो दिए । शौर्य यादव ने 3 विकेट लिए । जवबा में एमबीसीए की टीम 14 ओवरो में 42 रनों पर सिमट गई और यह मैच 75 रनों से हार गई । प्रथम गोथे ने 6 विकेट एवं समर पटेल ने 3 विकेट लिए।



## खेलो एमपी यूथ गेम्स इंदौर जिला थ्रोबॉल टीम चयन प्रकिया कल

इन्दौर । खेलो एमपी युथ गेम्स (थ्रोबाल) का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है, इंदौर जिला थ्रोबॉल एसोसिएशन, के तत्त्वावधान में इन्दौर जिला थ्रोबॉल (बालक एवंम बालिका) टीम की चयन प्रक्रिया 16 जनवरी को प्रेरणा बाल निकेतन स्कूल पथिमपुर रोड, राऊ, इन्दौर में आयोजित हो रही है। चयनित टीम 17 जनवरी को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस चयन प्रकिया 18 वर्षे से कम के खिलाड़ी ही भाग ले सकेगें। थ्रोबॉल चयन प्रकिया में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी विजय राठौर सम्पर्क करें।

## देव्ज एकेडमी फायनल में जीती

इन्दौर। एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए ए ग्रेड क्रिकेट स्पर्धा का दूसरा सेमीफायनल मेंच देव्ज एकेडमी व एसएस कम्यून के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 54 ओवरों में 194 रन बनाए। हर्षित ने 44 रन बनाए। हिम्मत व आशीष ने 3-3 विकेट लिए । जवाब में एसएस कम्यून ने अपनी पहली पारी में 127 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिए । देव्ज एकेडमी को 67 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त प्राप्त हुई । गौरश व अथर्व ने 4-4 विकेट लिए । खेल समाप्त होने तक देव्ज एकेडमी ने 24 ओवरों में 190 रन बना लिए थे। देव बरनाले ने 106 रन बनाए। इस तरह देव्ज एकेडमी ने पहली पारी की बढत के आधार पर यह मैच जीतकर फायनल में प्रवेश किया।

### विजय क्लब की शानदार जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच विजय क्ल-ब एवं आयसीसी के मध्य खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 5 विकेट पर 297 रन बनाये। तन्मय पत्की ने नाबाद 102 रन एवं दीपक भूरिया ने 69 रन बनाये। जवाब में आयसीसी की टीम 43 ओवरो में 234 रन बनाकर सिमट गई और यह मैच 63 रनों से हार गई । यश यादव ने सर्वाधिक 78 रन बनाये। आकाश, वैदिक, दीपक एवं पार्थ गवली ने 2-2 विकेट लिए ।

## पूनम ने जीता कांस्य पदक



इंदौर। उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में 8 से 12 जनवरी तक आयोजित हुई अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस इंटर जोनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में श्री राम जिम की उभरती हुई खिलाड़ी पूनम पटेल ने 53 किलोग्राम (युथ) वजन वर्ग में 129 किलो वजन उठा कर कांस्य पदक अर्जित किया । इनकी इस उपलब्धि पर सदाशिव जोशी, डॉ. शरद नागर, दविंदर सिंह खनूजा, वि-मल प्रजापत, नरेंद्र पाटीदार, शैलेन्द्र जोशी, धर्मेन्द्र पाली-वाल, मनीष पालीवाल, विकास जोशी, जितेन्द्र स्वामी , चि-राग जोशी ने बधाई दी।

# मिडिल ओवर्स में विकेट नहीं चटकाने को भारत की सबसे बड़ी गलती करार दिया

राजकोट । शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में सात विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 285 रनों का लक्ष्य 15 गेंद बाकी रहते हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच डेरिल मिचेल (117 गेंदों में नाबाद 131) ने न्यूजीलैंड की जीत की नैया पार लगाई। उन्होंने मिडिल ओवर्स में विल यंग (98 गेंदों में 87) के साथ बखूबी मोर्चा संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 162 रनों की दमदार साझेदारी की। शुभमन ने राजकोट वनडे में मिडिल ओवर्स में विकेट नहीं चटकाने को भारत की सबसे बड़ी गलती करार दिया। उन्होंने



कहा कि अगर 15-20 रन अधिक होते, तब भी टीम दूसरा वनडे हार जाती। तीन मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।

शुभमन ने कहा, हम मिडिल ओवर्स में कोई विकेट नहीं ले पाए। जब सर्कल के अंदर पांच फील्डर होने के बावजूद विकेट नहीं मिले तो बहुत मुश्किल होती है। अगर 15-20 रन ज्यादा भी होते तो हम यह मुकाबला हार जाते। भारत ने केएल राहुल के शतक (92 गेंदों में नाबाद 112) और शुभमन (53 गेंदों में 56) के दम पर 284/ का स्कोर बनाया। शुभमन ने 284 के स्कोर पर कहा, जब पार्टनरशिप हो जाती है तो सेट बल्लेबाज को बड़ी पारी खेलनी चाहिए थी। आने वाले बैट्समैन के लिए रन बनाना आसान नहीं होता। गेंदबाजी में हमें ठीक-ठाक शुरुआत मिली लेकिन मिडिल ओवर्स में न्यूजीलैंड ने बहुत अच्छी बैटिंग की। शुरुआती 10-15 ओवर जो हमने फेंके, उसमें बॉल अच्छा काम कर रही थी।

## नन्हें खिलाड़ी राष्ट्रीय क्यू स्पोर्ट्स में ले रहे भाग

इन्दौर । शहर के उभरते हुए नन्हे क्यू स्पोर्ट्स के खिलाड़ी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा में अपनी चुनौती पेश करेंगे। म.प्र. बिलियर्ड्स-स्नूकर एसोसिएशन की नेहरू स्टेडियम स्थित एकेडमी के इंचार्ज सुजीत गेहलोत ने बताया कि हरियाणा के बहादुरगढ़ शहर में होने वाली राष्ट्रीय बिलियर्ड्स-स्नूकर प्रतियोगिता में 13 व 14 साल के यह नन्हें खिलाड़ी ओवेश खान, हार्दिक गायकवाड़ एवं आगम गंगवाल म.प्र. का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों के साथ ही अन्य खिलाड़ी भी म.प्र. का प्रतिनिधित्व कर रहे है। इन खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है। इनके उम्दा प्रदर्शन के लिए म.प्र. बिलियर्ड्स-स्नूकर एसोसिएशन के चेयरमैन श्री भोलू मेहता, भारतीय म.प्र. बि-



लियर्ड्स-स्नूकर फेडरेशन के सचिव सुनील बजाज तथा उपाध्यक्ष अश्विनी पुराणिक ने शुभकामनाएं दी।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी जीप

## 11 घायल दो की हालत गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक अनियंत्रित जीप डिवाइडर में जा घुसी। इस भीषण सड़क हादसे में जीप सवार 11 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वाहन में सवार सभी लोग राजस्थान के रहने वाले हैं और खेती-किसानी के काम से जुड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया।









पुलिस के मुताबिक, यह हादसा रात करीब 3 बजे ब्रिज के पास हुआ। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के ग्राम मुन्ना डोंगर के रहने वाले जयसिंह, धर्मेंद्र, सबूर, मनसुख, मानसिंह, लालू, पीटू, कालू सिंह और सादिया सहित अन्य लोग जीप में सवार होकर इंदौर की ओर आ रहे थे तभी अचानक तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। घायलों में कालू सिंह और सादिया को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। अन्य घायलों को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में फ्रैक्चर और गहरी चोटें आई हैं। हादसे के समय जीप में सवार अधिकतर लोग नींद में थे। घायलों ने बताया कि रात में एक ढाबे पर खाना खाने के बाद वे अपनी मंजिल की ओर रवाना हुए थे। अचानक जोरदार टक्कर और धमाके के साथ सबकी नींद खुली और जीप के भीतर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से पुलिस ने एंबुलेंस बुलाई और घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जीप की रफ्तार काफी तेज थी और संभवतः किसी बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने संतुलन खो दिया, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया। तेजाजी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नशे की लत बनी विवाद की जड़, समझाने पर भाई ने बहन को पीटा

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में नशे को लेकर दो भाई-बहनों के बीच उपजा घरेलू विवाद मारपीट तक पहुँच गया। नशा करने से मना करने पर एक युवक ने अपनी ही बहन के साथ अभद्रता करते हुए उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, घटना आम्रकुंज कॉलोनी की है। यहाँ रहने वाली 30 वर्षीय मुस्कान जैन ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका 26 वर्षीय छोटा भाई अंकित चौहान नशे का आदी है। बुधवार को मुस्कान ने भाई को उसकी नशे की लत के कारण टोका और उसे घर पर न रहकर कहीं और अपनी व्यवस्था करने को कहा। बहन की यह बात सुनकर अंकित बुरी तरह भड़क गया और उसने मां-बहन को लेकर अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब मुस्कान ने उसे गाली देने से मना किया, तो आरोपी अंकित ने हिंसक रुख अपना लिया और अपनी बहन के साथ थप्पड़ व घूंसों से मारपीट की।

## अवैध हथियार के साथ 'नाना पाटेकर' गिरफ्तार

**इंदौर।** हातोद थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि आरोपी यह हथियार कहां से लेकर आया था और उसका इरादा क्या था।

हातोद पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई 14 जनवरी की रात करीब सवा नौ बजे शांति पार्क कॉलोनी के पिछले गेट और सोनगीर रोड क्षेत्र में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ घूम रहा है, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने वहां से 30 वर्षीय विनोद उर्फ नाना पाटेकर को हिरासत में लिया। जब आरोपी की तलाशी ली गई, तो उसके पास से 12 बोर का एक देशी कट्टा और दो जिंदा राउंड (कारतूस) बरामद हुए। पुलिस ने हथियार जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। हातोद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# स्कूल बस और लोडिंग में भिड़ंत

### ग्रीन पार्क कॉलोनी के गेट पर हुआ हादसा टली बड़ी अनहोनी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।





धार रोड क्षेत्र में आज सुबह एक स्कूल बस और लोडिंग वाहन के बीच भिड़ंत हो गई। यह हादसा ग्रीन पार्क कॉलोनी के गेट के सामने बने कट पर उस समय हुआ जब स्कूल बस बच्चों को लेने के लिए निकली थी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त बस में स्कूली बच्चे सवार नहीं थे, जिससे एक बड़ी जनहानि और अनहोनी टल गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुँचा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूल बस सुबह के समय बच्चों को घर से पिक करने के लिए जा रही थी, तभी ग्रीन पार्क कॉलोनी के पास बने कट पर अचानक सामने से आ रहे लोडिंग वाहन और बस में टक्कर हो गई। इस भिड़ंत के कारण बस के साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं लोडिंग वाहन के अगले हिस्से में भी काफी टूट-फूट हुई है। अचानक हुए इस हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही चंदननगर पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर रास्ता साफ कराया।

# जैन मंदिर में चोरी, हथियारबंद बदमाशों ने दानपेटी उड़ाई

## सीसीटीवी फुटेज में दो युवकों के साथ एक महिला आई नजर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।





एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित पाटनीपुरा दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बेखौफ बदमाशों ने न केवल मंदिर का ताला तोड़ा, बल्कि पवित्र स्थान की मर्यादा को ताक पर रखकर जूते पहनकर अंदर दाखिल हुए और दान पेटी चुरा ले गए। वारदात में दो पुरुषों के साथ एक महिला भी शामिल थी। इस घटना से जैन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है।

मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि चोरी की यह घटना शनिवार अलसुबह 4:30 से 5:30 बजे के बीच हुई। सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ है कि बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाश करीब एक घंटे तक मंदिर परिसर में मौजूद रहे। आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुंह पर कपड़ा बांध रखा था, आंखों पर चश्मा लगाया था और हाथों में ग्लव्स पहने हुए थे। बदमाश अपने साथ हथियार भी लेकर आए थे।घटना का पता तब चला जब मंदिर के पुजारी शैलेंद्र कुमार जैन सुबह पूजा के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है और अंदर से दान पेटी गायब है। पुजारी ने तुरंत इसकी सूचना मंदिर अध्यक्ष पवन जैन और अन्य पदाधिकारियों को दी, जिसके बाद एमआईजी पुलिस को सूचित किया गया। समाजजनों का कहना है कि मेन रोड पर स्थित मंदिर में बदमाश एक घंटे तक रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी, जो कि सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान है।

### आक्रोशित समाजजन पहुंचे थाना

*मंदिर पुजारी शैलेन्द्र कुमार सुबह मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ देखकर मंदिर पदाधिकारियों को सूचना दी जिसके बाद पुलिस को भी चोरी की घटना की जानकारी दी गई। एमआईजी पुलिस के पास पवन जैन, दीपक जैन, विकास जैन, मनीष जैन मालवा मिल, आकाश जैन, स्वतंत्र जैन, नीतेश जैन, जितेन्द्र जैन, नरेश जैन, महेश जैन, मुकेश जैन, आकाश जैन सहित अन्य पहुंचे और चोर को जल्द गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी से कहा। उन्होंने कहा कि अगर एक या दो दिनों में चोरी नहीं पकडे जाते तो रविवार सुबह मंदिर से थाना तक पदाधिकारी और भक्तजन णमोकार मंत्र का जाप करते हुए रैली के रुप में पहुंचेंगे।*

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।